

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21 | 5 स्टेट लीग के अनुभव ने बढ़ाया मेरा कॉन्फिडेंस : विपराज | सम्पादकीय कचरे से कमालः प्लास्टिक बनाएगा.... | गूगल ने भारत में 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट सस्पेंड किए 5

वर्ष 18 अंक 76 E-mail: dholpur@hotmail.com धौलपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 54 वोट से गिरा

### पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। बिल के पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े। लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल पास 54 वोट से गिर गया।11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा था कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। विपक्ष अगर वोट नहीं देगा तो बिल गिर जाएगा। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है।

इन संशोधित बिलों पर लोकसभा में 21 घंटे चर्चा हुई। कुल 130 सांसदों ने अपने विचार रखें, इनमें 56 महिला सांसद थीं।



**शाह बोले- राहुल प्रियंका से सीखें, कैसा भाषण देते हैं**

शाह ने कहा- मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं। असंसदीय शब्दों की भरमार लग जाती है। कभी आंख मारते हैं। ये किस तरह का बिहेवियर है। आपकी भाषा को देश सुन रहा है।

संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। फ्लाइंग किस करते हैं। आंख मारते हैं। सत्र छोड़कर विदेश चले जाते हैं। ये भाषाओं में तीव्रता से बावनाएं व्यक्ति नहीं होती। प्रियंका से थोड़ा सीख लें कि सदन में कैसे बोलते हैं।

ये जानबूझकर दिया गया स्टेटमेंट है। हजारों साल पहले रामसेतु बनाने के लिए जिस गिलहरी ने योगदान दिया था, उस गिलहरी को भी यहां याद किया जाता है। आप महिला आरक्षण देने वाला बिल में विरोध की हड्डियां डाल रहे हैं।

**शाह बोले- विपक्ष बिना सोचे-समझे बस विरोध कर रहे हैं**

शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो करे रहे हैं, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। मैं अभी बताया कि 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा।

**शाह बोले- ट्रिपल तलाक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, विपक्ष ने विरोध किया**

शाह ने कहा- हमारे लिए कोई मायने नहीं रखता कि महिलाओं को प्रस्थापित करने के लिए, उनकी हिस्सेदारी देने के लिए जिसका भी सामना करना पड़े। हम करेंगे, लड़ेंगे और आरक्षण देकर रहेंगे।

## स्पेस में 18 बार खतरे में आए भारतीय उपग्रह

नई दिल्ली। इसरो की 'इंडियन स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस रिपोर्ट-2025' के मुताबिक, पिछले साल भारत को अपने सैटेलाइट्स को सुरक्षित रखने के लिए बहुत सतर्कता बरतनी पड़ी। 2025 में इसरो के सैटेलाइट्स के लिए करीब डेढ़ लाख से ज्यादा अलर्ट जारी हुए।ये अलर्ट अमेरिकी स्पेस कमांड से मिले, जिनका विश्लेषण भारतीय वैज्ञानिकों ने अधिक सटीक ऑर्बिटल डेटा के साथ किया। ये आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि लो-अर्थ ऑर्बिट अब खतरनाक रूप से भीड़भाड़ वाला हो चुका है।

अंतरिक्ष में मलबे के टकराने के खतरों से बचने के लिए इसरो को 18 बार 'कोलोजन अवॉइडेंस मैन्यूवर' करना पड़ा। यह 14 बार एलईओ सैटेलाइट्स और 4 बार जियो स्टेशनरी सैटेलाइट्स के लिए किया गया। इन मैन्यूवर्स में सैटेलाइट की गति और ऊंचाई में बदलाव कर संभावित टकराव को टाला जाता है।

## ट्रम्प का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार

### ईरानी मीडिया बोली- हवाई किले बनाना बंद करें

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है।ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे।उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

वहीं, होर्मुज संकट को लेकर आज 40 देशों की वर्चुअल बैठक होगी। फ्रांस और ब्रिटेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक होर्मुज में नाकेबंदी और उससे दुनिया में तेल और सप्लाई पर पड़ रहे असर को लेकर होगी। इस बैठक में अमेरिका शामिल नहीं होगा।

**परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान**

यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानी शुद्ध किया गया है।प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है।



## भ्रष्टाचार के खिलाफ नेपाल में सबसे बड़ी जांच शुरू

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा।जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे।

इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे।



मृत नेताओं की संपत्ति की भी जांच

यह जांच नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद के पूरे दौर को कवर करेगी। इसका मतलब 2006 के बाद का लगभग पूरा राजनीतिक नेतृत्व अब जांच के दायरे में आ गया है।

खास बात यह है कि यह जांच शाह सरकार के अपने राजनीतिक दायरे तक भी जा सकती है। पोर्ट्स के मुताबिक, मौजूदा स्पीकर डोल प्रसाद अर्याल, मंत्री बिराजभक्त श्रेष्ठ और शिशिर खानाल, और अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख रवि लामिछाने भी जांच के दायरे में आ सकते हैं, क्योंकि वे पहले भी सार्वजनिक पदों पर रह चुके हैं।

खास बात यह है कि यह जांच उन नेताओं तक भी पहुंचेगी जो अब जीवित नहीं हैं। ऐसे में उनके परिवार और राजनीतिक वारिसों की संपत्ति भी जांची जा सकती है। इसमें गिरिजा प्रसाद कोईराला और सुषिल कोईराला जैसे नेताओं के परिवार शामिल हो सकते हैं।

## पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज, एससी ने कहा- असम कोर्ट जाएं

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि वे अपनी याचिका असम की अदालत में दाखिल करें।

पवन खेड़ा की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी। उन्होंने कहा- असम की अदालतें बंद हैं, इसलिए उन्हें कुछ दिन का समय दिया जाए। क्या खेड़ा कोई अपराधी हूं, जो मुझे इतनी राहत भी नहीं मिल सकती?

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने यह मांग ठुकरा दी। कोर्ट ने उन्हें गलत डाक्यूमेंट देने के लिए फटकार भी लगाई।



यह मामला असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा को लेकर दिए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने 5 अप्रैल को आरोप लगाया था कि उनके पास एक से ज्यादा पासपोर्ट और विदेश में संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया।

**खेड़ा ने कोर्ट में गलत डाक्यूमेंट दिया**

सुनवाई के दौरान खेड़ा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ट्रांजिट जमानत शुक्रवार को खत्म हो रही है, इसलिए इसे मंगलवार तक बढ़ा दिया जाए ताकि वे सोमवार को असम में याचिका दाखिल कर सकें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि खेड़ा ने सीधे असम की अदालत का रुख क्यों नहीं किया और पहले तेलंगाना हाईकोर्ट क्यों गए। सिंघवी ने जवाब दिया कि खेड़ा की पत्नी का हैदराबाद में घर है। वे वहां आते-जाते रहते हैं।



## गर्मी के बीच राजस्थान में बारिश हरियाणा में ओले गिरे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। गुरुवार को यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच है।

इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे। छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लू चलेगी। तटीय राज्यों में मौसम उमस भरा रहेगा। मौसम विभाग ने बताया है कि कर्नाटक-महाराष्ट्र के ऊपर बना एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम मध्य भारत की तरफ बढ़ रहा है। इस वजह से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए।

सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जॉर्डन जा रहे है।

अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है।

इस बीच, सीरिया सरकार और एसडीएफ के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और क़ामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है।



इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत स्ष्ठस्न और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

सीरिया ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एंटी-ढ्ढस्ढ्ढरु गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है।एसडीएफ एक कुर्द-नेतृत्व वाला गठबंधन है, जिसे 2015 में बनाया गया था और इसमें कुर्द, अरब और दूसरे स्थानीय समूह शामिल हैं। सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान जब सरकार कमजोर हुई, तब कुर्द लड़ाकों ने उत्तर-पूर्वी इलाकों पर कब्जा कर लिया। बाद में यही स्ष्ठस्न के रूप में मजबूत ताकत बन गया।

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला

आर.एन.एस

**तेहरान।** ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ङ्ग पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है।

## संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई

आर.एन.एस

**संभल।** संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया।

मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया।मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।



12 दिन पहले, यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार बुलडोजर के ऊपर गिर सकती है।हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था। दुकानों का करीब 20 फीसदी हिस्सा बच गया था, जिसे आज गिराया गया।

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। सीबीआई इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था।

28 जनवरी, 2026 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था- 'मामले में हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से नागरिकता (सिटीजनशिप) के संबंध में कोई नया या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।'

हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी।

सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश कीं।

## भाजपा जितनी साजिश रच ले उसकी हार होगी : ममता बनर्जी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कूच बिहार की सभा में कहा- हमारे पार्टी कार्यालयों, कैंडिडेट के घरों तक पर छापेमारी हो रही है। लेकिन, चाहे कितनी भी साजिश रच लें, भाजपा को हार का सामना करना ही होगा।

वहीं, मालदा में चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हर जनगणना में मुस्लिम आबादी 4-5% बढ़ी है। असम में भी यही हो रहा है।

मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि देश को बचाना आपके हाथों में है। अगर बंगाल, असम, त्रिपुरा और मेघालय मिलकर काम नहीं करेंगे, तो देश बिखर जाएगा, यह बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा।



ममता बनर्जी शुक्रवार को कूच बिहार, दुर्गापुर और दमदम में रोड शो और जनसभा करेंगी। कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण (29 अप्रैल) के चुनाव के लिए प्रचारकों की लिस्ट जारी की।पश्चिम बंगाल के कोलकाता में शुक्रवार को आयकर विभाग ने ञ्जरूष्ट विधायक देबाशीष कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की।

## हरिवंश तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था।

पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नवीन ने दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार उपसभापति चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन को आप पर गहरा भरोसा है। बीते समय में आपके अनुभव का सदन को लाभ मिला है। आपने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है।



**हरिवंश राज्यसभा के मनोनीत सांसद हैं**

हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हुआ था। उनकी पार्टी जेडीयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए के हरिवंश को चुना गया। वे 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे।

दरअसल, राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है।

18 मार्च को पीएम मोदी ने कमबैक का हिंट दिया था

बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान राज्यसभा में रिटायर हो रहे सांसदों का विदाई समारोह 18 मार्च को हुआ था। इस दौरान पीएम मोदी ने हरिवंश के लिए कहा था- 'हमारे उपसभापति हरिवंश विदा ले रहे हैं। हरिवंश को इस सदन में लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर मिला। '



# नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन में महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत राजस्थान द्वारा शुक्रवार को जयपुर में 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया गया**






**जयपुर।** नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, जनभागीदारी और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना बताया गया। रन को राजस्थान सरकार की महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग की राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम की शुरुआत चांदपोल से हुई, जो बड़ी चौपड़ तक आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवतियों और महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लेकर महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत के संकल्प के समर्थन का संदेश दिया।

मंजू बाघमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही है। पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था से उनकी राजनीतिक भागीदारी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ महिलाएं नीति निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।माय भारत राजस्थान के निदेशक देवेन्द्र कुमार व्यास ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य महिला शक्ति का सम्मान करना तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की थीम 'नारी शक्ति वंदन' रखी गई है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित करते हैं।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम फिट इंडिया अभियान के संदेश को भी आगे बढ़ाता है। साथ ही राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है।इ्र कार्यक्रम में पूर्व विधायक अलका गुर्जर, पूर्व महापौर कुसुम यादव, एशियन गेम्स 2022 स्वर्ण पदक विजेता निधि शर्मा, कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 कांस्य पदक विजेता पूजा तथा वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 स्वर्ण पदक विजेता कचनार चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए सेल्फी बूथ और सिग्नेचर वॉल भी लगाए गए थे। यहां युवतियों और महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों की ओर से आवश्यक इंतजाम किए गए।

# आपके मुंह में एक मूक खतरा

## भारत में बढ़ता ओरल कैंसर का बोझ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** ओरल कैंसर शुरुआती चरणों में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के होता है, लेकिन भारत में यह बिल्कुल भी दुर्लभ नहीं है। भारत में ओरल कैंसर के मामलों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, जहां हर साल 1 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं। यह देश में कुल कैंसर मामलों का लगभग 30% हिस्सा है। हालांकि, यह सबसे अधिक रोके जा सकने वाले कैंसरों में से एक है और यदि शुरुआती अवस्था में पहचान हो जाए तो इसका इलाज भी काफी हद तक संभव है। तंबाकू का सेवन–किसी भी रूप में–ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण है, जो लगभग 95% मामलों के लिए जिम्मेदार है।

GLOBOCAN 2022 और नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार, हर साल लगभग 1,43,759 से 1,46,000 नए ओरल कैंसर के मामले सामने आते हैं। इसके अलावा, हर वर्ष 52,000 से 75,000 लोगों की मृत्यु होती है–यानि औसतन हर घंटे 5 से अधिक मौतें। डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा, कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक), फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर ओरल कैंसर के जोखिम कारक, शुरुआती संकेत, जांच, उपचार और बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हैं।

### ओरल कैंसर के प्रमुख जोखिम कारक

**तंबाकू का सेवन:** भारत में 80% से अधिक मामलों का संबंध तंबाकू से है, विशेषकर गुटखा, पान मसाला और खैनी जैसे स्मोकलेस तंबाकू से।

**सुपारी (एरिका नट):** सुपारी चबाने की आदत एक महत्वपूर्ण कैंसरकारी कारण है।

**शराब और धूम्रपान:** शराब और बीड़ी/सिगरेट का संयुक्त सेवन जोखिम को कई गुना बढ़ा देता है।

**एचपीवी संक्रमण:** ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (विशेषकर एचवीपी 16/18) एक उभरता हुआ कारण है, जो 20-30% मामलों में पाया जाता है, खासकर युवाओं में।

### शुरुआती चेतावनी संकेत जिन्हें नजरअंदाज न करें:

» मुंह के छाले जो 2-3 हफ्तों में ठीक न हों

» मुंह के अंदर लाल या सफेद धब्बे

» गाल या जीभ में गांठ, सूजन या मोटापन

» खाने, निगलने या बोलने में कठिनाई

» आवाज बैठना या कान में दर्द

» बिना कारण वजन घटना या दांतों का ढीला होना

### ओरल कैंसर की जांच कैसे होती है?

शुरुआती पहचान बेहतर उपचार परिणामों की कुंजी है। समय पर सर्जरी और अन्य उपचार से जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाती है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, तंबाकू/शराब सेवन करने वाले और जिनके परिवार में कैंसर का इतिहास है, उन्हें नियमित जांच करानी चाहिए।

स्क्रीनिंग सरल, तेज और बिना दर्द वाली प्रक्रिया है, जिसमें मुंह की सामान्य जांच की जाती है। यदि कोई असामान्यता दिखती है, तो आगे की जांच की जाती है जैसे:

» विस्तृत ओरल एग्जामिनेशन

» बायोप्सी (कैंसर कोशिकाओं की पुष्टि के लिए)

» सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन

भारत में अक्सर यह कैंसर देर से पकड़ा जाता है, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। इसलिए उच्च जोखिम वाले लोगों को साल में कम से कम एक बार जांच जरूर करानी चाहिए।

### उपचार के विकल्प:

**कैंसर के स्तर और स्थान के अनुसार उपचार तय होता है:**

» सर्जरी

» रेडिएशन थेरेपी

» कीमोथेरेपी

» उन्नत चरणों में टारगेटेड थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी

### बचाव: छोटे कदम, बड़ा असर

» तंबाकू का पूर्ण त्याग

» शराब का सीमित सेवन

» अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखना

» फल और सब्जियों का नियमित सेवन

» नियमित स्वास्थ्य जांच

» असामान्य धब्बों, घाव या गांठों के प्रति सतर्क रहना

ओरल कैंसर केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि एक व्यवहार से जुड़ी समस्या भी है। जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से हर साल हजारों जानें बचाई जा सकती हैं।इस ओरल कैंसर जागरूकता माह में, एक मिनट निकालकर अपने मुंह की जांच जरूर करें–यह समय रहते किसी गंभीर बीमारी को पहचानने का सबसे आसान तरीका हो सकता है।

# प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा 22 व 23 को

**जयपुर।** गृह रक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत 84 पदों के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा का आयोजन 22 एवं 23 अप्रेल 2026 को किया जाएगा।उप महासमादेष्टा गृह रक्षा विजय सिंह भाम्भू ने बताया कि विभाग द्वारा परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 15 अप्रेल 2026 को विभाग की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विभाग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा स्थल पर उपस्थित रहें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं।



# चूरू-रतनगढ़ रेलखंड पर ट्रेनों की गति 110 किमी प्रतिघंटा हुई

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने बीकानेर मंडल के चूरू-रतनगढ़ दोहरी लाइन रेलखंड पर ट्रैक गति क्षमता बढ़ा दी है। इस रेलखंड के 45 किलोमीटर हिस्से में ट्रेनों की सेक्शनल स्पीड 90 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है। इससे ट्रेनों के संचालन में तेजी आएगी और यात्रियों का यात्रा समय कम होगा।

रेलवे के अनुसार चूरू-रतनगढ़ रेलखंड पर किलोमीटर संख्या 280 से 325 तक गति क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य रेल संचालन को अधिक तेज, सुगम और व्यवस्थित बनाने की योजना के तहत किया गया है। रेलखंड पर गति क्षमता में वृद्धि सिग्नलिंग प्रणाली के उन्नयन, विद्युतीकरण, ट्रैक सुधार और अन्य तकनीकी कार्यों के बाद संभव हुई है। इसके साथ ही आवश्यक संरचनात्मक सुधार भी किए गए हैं। आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू होने से ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय माना जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस खंड पर पहले लागू कई गति प्रतिबंध भी समाप्त किए गए हैं। इससे ट्रेनों की आवाजाही में रुकावट कम होगी और परिचालन दक्षता बढ़ेगी। मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों दोनों को इसका लाभ मिलने की संभावना है। गति बढ़ने से इस मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के समय में कमी आएगी। इससे यात्रियों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही रेलवे लाइन की वहन क्षमता बढ़ने से भविष्य में इस खंड पर अधिक ट्रेनों का संचालन भी संभव हो सकेगा।



# मणिपाल युनिवर्सिटी जयपुर में ओपन हाउस का सफल आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मणिपाल युनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) के अगले शैक्षणिक सत्र के लिए ओपन हाउस का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संभावित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। एडमिशन निदेशालय द्वारा श्रीमती वासंती आर. पाई ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मधुरा यादव, डीन-स्टूडेंट वेलफेयर के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के समावेशी और सहयोगात्मक परिसर वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इसके पश्चात प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. करुणाकर ए. कोटेगर ने अपने संबोधन में संस्थान की शैक्षणिक दृष्टि और समग्र छात्र विकास पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का समापन एडमिशन निदेशक डॉ. प्रकाश रमानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

यह ओपन हाउस प्रतिभागियों के लिए एक संवादात्मक मंच साबित हुआ, जहाँ उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों और करियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय अधिकारियों ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद कर अकादमिक, प्लेसमेंट, शोध अवसरों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, पूर्व छात्र सहभागिता और छात्र कल्याण से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया।

# अप्रेल से चलेगा तीन माह तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



### यादगार से सांगानेर तक टोंक रोड़ बनेगा यातायात के लिए आदर्श पथ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर व जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ।

जिला कलक्टर ने कहा कि जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के साथ-साथ सांस्कृतिक व ऐतिहासिक नगरी होने के कारण पर्यटन की दृष्टि से सम्पूर्ण विश्व में महत्त्वपूर्ण है। जयपुर में आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के साथ-साथ यहाँ के नागरिकों की सुरक्षा हम सभी के लिए महत्त्वपूर्ण है और जयपुर के यातायात को सुगम, सरल, बाधा व दुर्घटना रहित बनाना हम सब की जिम्मेदारी है।

यादगार से सांगानेर तक बनेगा आदर्श पथ

उन्होंने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यादगार अजमेरी गेट से सांगानेर तक टोंक रोड़ को आदर्श यातायात के लिए सुगम व दुर्घटनारहित पथ बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधी अन्य एजेंसियाँ कार्य करेंगी। उन्होंने उक्त सड़क को आदर्श पथ बनाने के लिए वहाँ की जनता से सहयोग की अपील भी की है।

त्रैमासिक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में ये कार्य होंगें

जिला कलक्टर ने बताया कि अप्रेल माह से तीन माह तक सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा इस दौरान शहर की सड़कों की मरम्मत, सीवरेज मेनहॉल को ठीक करना, साइनेज लगाना, जेब्रा-क्रॉसिंग को ढंग से पुतवाने, डिवाइडर सही करवाने, ट्रैफिक लाइट्स को ठीक करवाने, सड़क के मध्य बनी सफेद लाइन को पुनः पुतवाने, पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा प्रदान करने, आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ ऑवरलोडेड वाहनों के चालान सहित ट्रेफिक सिग्नल तोड़ने, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने, हेलमेट नहीं लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी।



# राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति में दीपक कुमावत को जोधपुर संभाग की जिम्मेदारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**थांवला/नागौर।** राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति (पंजीकृत) ने प्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए दीपक कुमावत को जोधपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन की ओर से यह नियुक्ति संभाग स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। समिति पदाधिकारियों के अनुसार नियुक्ति का निर्णय संरक्षक मंडल, कोर कमेटी, प्रदेश समन्वयक, प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम साबलिया तथा प्रदेश पर्यवेक्षक टीकम मावर की अनुशंसा पर लिया गया। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र राजोरिया ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीपक कुमावत की सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी, संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदार कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। संगठन का मानना है कि उनके नेतृत्व में जोधपुर संभाग में समिति की गतिविधियों को गति मिलेगी तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने के प्रयास मजबूत होंगे।

दीपक कुमावत देवनगर खारचियावास के निवासी हैं। नियुक्ति की सूचना के बाद क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न समाज प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कई लोगों ने इसे संगठन में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने वाला निर्णय बताया।



# राज्य में जनगणना 2027 का पहला चरण 16 मई से शुरू, स्व-गणना सुविधा भी मिलेगी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाएगा। इस चरण में घर-घर जाकर भवनों, मकानों और परिवारों से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण को डिजिटल स्वरूप देने के लिए स्व-गणना सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत नागरिक 1 मई से 15 मई 2026 तक डेस्कटॉप या स्मार्टफोन के माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर स्वयं जानकारी दर्ज कर सकेंगे। हालांकि स्व-गणना के बाद भी प्रगणक द्वारा फील्ड स्तर पर सत्यापन और डाटा जांच की प्रक्रिया अनिवार्य रहेगी।

मल्लिक ने कहा कि राजस्थान में प्रथम चरण के फील्ड कार्य के लिए करीब 1 लाख 60 हजार प्रगणक और पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे। ये कार्मिक राज्यभर में घर-घर जाकर अधिसूचित प्रश्नों के अनुसार जानकारी एकत्र करेंगे। राज्य सरकार ने प्रथम चरण में पूछे जाने वाले कुल 33 प्रश्नों की अधिसूचना जारी कर दी है।मकानसूचीकरण के तहत राज्य के सभी भवनों, जनगणना मकानों और परिवारों की पहचान कर उनका व्यवस्थित सूचीकरण किया जाएगा। साथ ही मकान की स्थिति, परिवार को उपलब्ध सुविधाएं, परिवार की परिसंपत्तियां तथा परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज सहित अन्य जानकारियां दर्ज की जाएंगी।



# अमृत स्टेशन योजना के तहत सोमेसर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास पूर्ण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल स्थित सोमेसर रेलवे स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास कार्य पूरा हो गया है। करीब 19.35 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। परियोजना के तहत यात्री सुविधाओं का विस्तार, भवन नवीनीकरण और स्टेशन परिसर का आधुनिकीकरण किया गया है।

सोमेसर रेलवे स्टेशन वर्तमान में 10 ट्रेनों के ठहराव वाला स्टेशन है, जहां से औसतन 750 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। रेलवे द्वारा स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं।

परियोजना के अंतर्गत स्टेशन के मुख्य भवन का पूर्ण नवीनीकरण किया गया है। मुख्य प्रवेश और निकास द्वारों को नया स्वरूप दिया गया है, जिससे यात्रियों की आवाजाही सुगम हो सके। स्टेशन परिसर के बाहरी क्षेत्र का भी सौंदर्यीकरण किया गया है।दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर टैक्टाइल पाथ, रैंप, समर्पित पार्किंग और विशेष शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों के लिए आधुनिक बैठने की व्यवस्था की गई है।

# व्हेन गॉड्स डोंट मैटर पर चर्चा का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**अजमेर/जयपुर।** जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि जगदीप सिंह के कविता संग्रह 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' पर अजमेर के प्रताप महल में एक चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान लेखक ने प्रोफेसर मालती माथुर के साथ संवाद किया, जिसमें कविताओं को थेरेप्यूटिक और भावनाओं की अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में समझने पर चर्चा हुई।

इस दौरान जगदीप सिंह ने कहा कि कविता भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसके साथ ही उसमें शिल्प का संतुलन होना भी जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कविताएं संरचित होनी चाहिए और उनमें एक मूलभूत लय बनी रहनी चाहिए। यह कार्यक्रम 'द राइट सर्कल' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो प्रभा खेतान फाउंडेशन की पहल है।

आयोजन 'एहसास वीमेन', अजमेर और 'वीकेयर' के सहयोग से किया गया था, जिसमें 'प्रताप महल' हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में शामिल था। प्रताप महल के महाप्रबंधक, देवेंद्र रत्नावत ने लेखक और मॉडरेटर, दोनों को स्मृति-चिह्न भेंट किए। इससे पूर्व, शाम की शुरुआत स्वाति वशिष्ठ द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई। इस सत्र की खास बात यह रही कि इसमें संग्रह की उन कविताओं पर भी चर्चा हुई, जो सिल्विया प्लाथ और टी.एस. एलियट जैसे प्रसिद्ध साहित्यिक हस्तियों से प्रेरित हैं। सिंह ने बताया कि इन लेखकों की रचनाओं ने उनके काव्य लेखन को किस तरह आकार दिया। सत्र के दौरान लेखक और मॉडरेटर दोनों ने पुस्तक से कविताओं का पाठ भी किया।

# अनूप जलोटा की भजन संध्या में उमड़ा भक्ति का सागर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। गुप्त वृंदावन धाम जगतपुरा द्वारा आयोजित भव्य भजन संध्या में रविवार शाम जयपुर में भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुति से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सायं 7 बजे से आरंभ हुए इस कार्यक्रम में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। भजन सम्राट अनूप जलोटा ने 'जग में सुन्दर है दो नाम', 'अच्युतम केशवं' जैसे प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह भक्ति में डूबकर भगवान के नाम संकीर्तन में सहभागी बना और पूरे सभागार में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में शहर की कई गणमान्य हस्तियों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर गुप्त वृंदावन धाम के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना है, जिससे युवाओं और परिवारों को सकारात्मक दिशा मिल सके।

# अंधविश्वास की कुरीतियों को त्यागकर बाबा साहब के संविधान को अपनाने दिया जोर

### वाल्मीकि समाज सेवा समिति ने मनाई अंबेडकर जयंती



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती वाल्मीकि समाज सेवा समिति द्वारा गांधी नगर वाल्मीकि मन्दिर किरी पुराना शहर में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें सैकड़ो लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। समारोह के मुख्य अतिथि मांगीलाल भूतिया एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के सफाई निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव रहे। अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति द्वारा मुख्य अतिथियों का माला पहनकर एवं बाबा साहब की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। सभी ने एक साथ बुलंद आवाज में बाबा साहब के नारे लगाए, जिससे समारोह का अलग ही माहौल बन गया था। सभी वक्ताओं ने कहा बरसों से चली आ रही अंधविश्वास की कुरीतियों को त्याग कर बाबा साहब को पढ़ना चाहिए और बाबा साहब के तीन मूल मंत्र सभी को याद रखने चाहिए शिक्षा, संगठन, संघर्ष। सभी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बाबा साहब किसी विशेष एक जाति के नहीं थे उन्होंने सभी धर्मों का ध्यान रखते हुए संविधान का निर्माण किया, जिससे इस देश के कानून संचालित होते हैं। कार्यक्रम में रमेश चंद साहू, राम प्रकाश चौधरी, पप्पू सोनी, विनोद कंचन, दुर्गा प्रसाद करोसिया, अजय चौहान, भीकम नरवार, लुहारी, अतर सिंह, नरवार, राकेश छितर, जमुना प्रसाद, रमेश नरवार, श्री कृष्ण करोसिया, कप्तान सिंह जाटव, जल सिंह, विद्याराम मास्टर, राकेश राजोरिया, मनीष बौद्ध, केदार हवलदार, मुकेश, संतोष, मुखिया, रमेश, बृजेश लाहोरिया, विनोद जमादार, रमेश बिसनारिया, दिनेश नरवार, डाक बाबू, आजाद खरे, मोहन सिंह मास्टर, मुकेश चीलपुरा, राकेश कव्वाल, शैलेंद्र जादोन, राजू भाटी, केशव नरवार, पंकज साहू, लखन डागौर, रजत जमादार, चंद्रशेखर, वकील, राजेंद्र मुखिया, कमल किशोर, महेंद्र जमादार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील नरवार ने किया।

# नगर पालिका बाड़ी में नियुक्त प्रगणक अपने मतदान केन्द्रों में रहकर दावे एवं आपत्तियों के आवेदन करें प्राप्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राज्य निर्वाच आयोग राजस्थान के आदेशानुसार नगरीय निकायों के आम चुनाव 2026 के लिए निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम बाड़ी ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाकर 27 अप्रैल तक नगर पालिका बाड़ी के समस्त 45 वार्डो की निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात बीएलओ, प्रगणकों द्वारा दावें आपत्तियों के फॉर्म लेने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने एवं वार्डो का सामान्य तौर पर निवासी होने के आधार पर प्रारूप-3 द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा तथा मृत, पलायन, दोरी प्रविष्टि होने पर प्रारूप-5 द्वारा नाम पृथक किया जाएगा। किसी प्रकार संशोधन के लिए प्रारूप-6 भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका बाड़ी के अन्तर्गत आने वाले समस्त वार्डो में नियुक्त बीएलओ, प्रगणक अपने-अपने वार्डो की मतदाता सूची के लिए 19 अप्रैल रविवार एवं 26 अप्रैल रविवार को विशेष अभियान तिथियों में पूरे दिवस प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक तक अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के दावे, आपत्तियों के प्रारूप 3, 5 एवं 6 में आवेदन प्राप्त करेगें। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है वे अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 8 मई को किया जाएगा।

# नाले में गिरी स्कूल वैन, हादसा होने से टला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» राजाखेड़ा....अनियंत्रित होकर नाले पलटी पड़ी वैन

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा सिलावट रोड पर पप्पू ईंट भट्टा के सामने एक वैन आरजे 11सीबी0341 वैन सड़क के बगल नाले में गिर गई। जिससे कोई जान मान की घटना तो नहीं हुई है, लेकिन वैन में एक निजी स्कूल के चार छोटे-छोटे बच्चे बैठे बताए गए हैं। जिनमें तीन बच्चे एक बच्ची शामिल है। बच्चे अपने स्कूल के लिए पढ़ने जाने बताए जा रहे है जिनको ड्राइवर एवं अन्य लोगों ने बाहर निकाला। लेकिन निजी स्कूल के किसी अध्यापक के द्वारा बच्चों के घर बच्चों का नाम वह स्कूल का नाम नहीं बताने की मना करने पर वाहन खाली आना बता रहे हैं जो की राजाखेड़ा की तरफ आ रही थी। यह घटना सुबह करीबन 7:45 बजे की है। सूत्रों से मिली जानकारी में वैन के अंदर दो बच्चे ग्राम हरवल्लम के पूरा के एक बच्चा गढ़ी जोनाबाद का तथा एक बच्ची ग्राम नदोरा की बताई गई है। कुछ बच्चे 16 तारीख को अपने परिवार के साथ शादी होने के कारण शादियों में बाहर गए। इसलिए चार बच्चे थे नहीं तो वैन खचाखच बच्ची बच्चियों से भरकर आई थी। गौरतलब है कि निजी स्कूलों का समय इस वक्त गर्मी के मौसम को देखते हुए सुबह 7:30 बजे का है तथा वाहनों के अंदर क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर स्कूलों के लिए लाने ले जाने के लिए सड़क पर दौड़ते हुए नजर आते हैं। क्या शिक्षा विभाग एवं प्रशासन क्षमता से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं को भरने वाले वाहनों पर शीघ्र उचित ठोस कार्रवाई करने का कदम उठाएगा। जिससे किसी के भी बच्चे एवं बच्चियों के साथ कोई भी किसी प्रकार की अनहोनी घटना नहीं कर सके।

# राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ ब्लॉक शाखा धौलपुर के चुनाव संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर....संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**धौलपुर।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ ब्लॉक शाखा धौलपुर के चुनाव निर्वाचन पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार तोमर एवं निर्वाचन अधिकारी बृज किशोर शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए। जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर ने बताया कि चुनाव में निर्विरोध सर्वसम्मति से वीरेंद्र राजावत ब्लॉक अध्यक्ष एवं सुमन शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं विनय शर्मा ब्लॉक मंत्री, नरेंद्र श्रीवास्तव संरक्षक, आशीष राजपूत कोषाध्यक्ष, कुलदीप दीक्षित जिला प्रतिनिधि, लोकेश शर्मा को सदस्य निर्वाचित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली तथा अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निष्पक्ष रूप से करेंगे। संघ की ओर से सभी निर्वाचित पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुशील भारद्वाज, हरेंद्र त्यागी, रिंकू त्यागी, भारतेंदु राणा, रामकिशन गुर्जर, नवीन मित्तल, पवन शर्मा एवं ब्लॉक के समस्त ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आरजीएचएस योजना को एसइंश्योरेंस मोड पर देने का जताया ऐतराज

### महासंघ ने सरकार को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सरकार से राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम( आरजीएचएस )को इंश्योरेंस मोड पर देने का विरोध करते हुए राज्य कर्मचारी एवं पेंशनर्स के इलाज में निजी अस्पतालों की ओर से आ रही परेशानियों को दूर कर इलाज की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ।

जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि महासंघ के प्रदेशध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव व प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से वार्ता कर बताया कि आरजीएचएस के तहत प्रत्येक कार्मिक के वेतन से कटौती करने के बावजूद पिछले काफी समय से सुविधाओं में कटौती की जा रही है। वहीं पिछले काफी दिनों से प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा संस्थान एवं दवा विक्रेता समय पर भुगतान नहीं होने को लेकर बार-बार आरजीएचएस योजना को बंद कर कर्मचारियों को मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना दे रहे हैं अनेक जिलों में इलाज एवं दवा देने से मना कर रहे हैं। महासंघ के प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग ने सरकार को प्रेषित ज्ञापन में लिखा कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) प्रदेश के कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में वरदान की तरह है। लेकिन विगत कुछ समय से प्रदेश के विभिन्न स्रोतों से मिल रही जानकारी के अनुसार राज्य सरकार आरजीएचएस योजना को इंश्योरेंस मोड पर ले जाना चाह रही है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि भ्रष्टाचार के कारण योजना में निर्धारित बजट से अधिक खर्च हो रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाकर पहले तो कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की सुविधाओं में कटौती की गई है एवं अब योजना को इंश्योरेंस मोड पर ले जाने की योजना सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है ।जबकि केंद्र सरकार में केंद्र के कर्मचारियों के लिए वर्षों से सीजीएचएस योजना सफलतापूर्वक संचालित हो रही है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के मुताबिक महासंघ के प्रदेश नेतृत्व की ओर से सरकार को प्रेषित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सरकार कर्मचारियों के वेतन से काटी गई राशि को इंश्योरेंस कंपनियों को देकर कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधाओं एवं अधिकारों के साथ खिलवाड़ करना चाह रही है। प्रदेश के कर्मचारी आरजीएचएस योजना को इंश्योरेंस मोड पर देना बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे । यदि सरकार द्वारा ऐसा कोई कदम उठाया गया तो प्रदेश के 8 लाख कर्मचारी व 5 लाख पेंशनर्स सरकार के फैसले के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। महासंघ ने सरकार से आरजीएस योजना में राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के इलाज की पुख्ता व्यवस्था करने एवं दवा आपूर्ति में पिछले दिनों से आ रही परेशानियों को तत्काल दूर कर योजना में भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय समिति गठित कर जांच करवाए जाने व भ्रष्टाचार में लिप्त चिकित्सा संस्थानों दवा विक्रेताओं पर कठोर कानूनी कार्यवाही करने के साथ कर्मचारियों की दवा, जांच व संबंधित सुविधाओं में की गई कटौती को पुनः बहाल किए जाने एवं योजना को इंश्योरेंस मोड पर देने की कार्य योजना पर पूरी तरह से रोक लगाने का आग्रह किया है।

# स्थाई लोक अदालत सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय हुए सेवानिवृत्ति

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** स्थाई लोक अदालत के सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय अपना 5 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करके सेवानिवृत हुए है। उपाध्याय अपनी स्वच्छ छवि, कर्तव्य निष्ठता, ईमानदारी व सौहार्दपूर्ण रूप से सामंजस्य बैठाने के लिये जाने जाते हैं। शुक्रवार को अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस में भी उन्होंने बेंच के साथ सामंजस्य बैठाते हुए 2 निर्णय किया जो उनके कर्तव्य निष्ठा को दर्शित करते हैं। उपाध्याय ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में बेंच के साथ तालमेल बैठे हुए व अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बहुत अच्छे निर्णय दिए। उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है।

# धूमधाम से निकली अंबेडकर जयंती की शोभायात्रा



### बसेड़ी विधायक संजय जाटव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का किया शुभारंभ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** नगरपालिका क्षेत्र मनियां में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती पर बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का शुभारंभ बसेड़ी विधायक संजय जाटव एवं धौलपुर प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाह ने किया। शोभायात्रा थाने से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर पार्क पे समाप्त हुई जहाँ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन कमेटी एवं समाज के लोगो ने बसेड़ी विधायक संजय जाटव का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान 31 झांकी एवं राजस्थान, मध्यप्रदेश, के मशहूर 12 बैंड शामिल हुए।

इस दौरान मुख्य अतिथि बसेड़ी विधायक संजय जाटव ने बाबा साहाब की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर नमन करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब ने जीवन पर्यन्त दलितों एवं पिछड़ों के उत्थान, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य किए। बाबा साहब के विचार एवं सिद्धांत हमें आज भी सीख देते हैं। शोभायात्रा के दौरान जय भीम के पोस्टर और नीले पट्टे पहनकर समरसता का सन्देश दिया गया। बाबा साहब की मूर्ति को रथ में बैठाकर शहर का भ्रमण कराया गया। शोभा यात्रा में बैंड बाजों की धुन ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। शोभा यात्रा में शामिल दलित समाज के लोगों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान ये लोग बैंड बाजों की धुन पर नाचते गाते चले । शोभायात्रा मे लोगो ने नीला रंग का दुप्पटा ओर हाथों मे जय भीम का झंडा लेकर चले। जिन्होंने बाबा साहेब के सिदांतो को तख्तीयों पर लिख कर सभी को सन्देश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान धौलपुर प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाह ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था जिन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की तथा अर्थशास्त्र, कानून और राजनीति शास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की।

बाबा साहेब ने छुआछूत, अस्पृश्यता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने दलितों, महिलाओं और पिछड़ों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया, जिसमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों को जगह दी गई। संविधान के माध्यम से उन्होंने सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अजय स्वर्णकार, मनिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र पोसवाल, पप्पू जाटव, शुभाष जाटव, शिवदास जाटव, बंशी, भारत जाटव, सरनाम गुर्जर, नाथूराम कुशवाह, के के गहलोत समेत समस्त लोग मौजूद रहे।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिजली घर से हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस ने 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया है। जिसके खिलाफ आर्म एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित आरोपियों के साथ अवैध हथियर रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई को लेकर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में शुक्रवार को एएसआई दीनदयाल पुलिस टीम के साथ जब गस्त पर थे तो उन्हें सूचना मिली कि एक आरोपी बिजली घर को जाने वाले रास्ते पर खड़ा है। जिस पर अवैध हथियार है। उक्त सूचना पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है। जिसकी पहचान कौशल पुत्र प्रेम सिंह गुर्जर निवासी कायस्थ पाड़ा पुलिया के पास बाड़ी के रूप में हुई है। आरोपी से अवैध हथियार बरामद किया है। जिसके खिलाफ 9/25 आर्म एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

# तेज रफ्तार दौड़ाई बाइक स्पिल होने से दो युवक घायल



» बाड़ी.. - घटना में घायल अस्पताल में भर्ती।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के अलीगढ़ रोड पर मूसलपुर गांव के पास गुरुवार की रात सड़क हादसा हुआ है। तेज गति बाइक के अचानक स्लिप होने से दो युवक घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। सामान्य अस्पताल में भर्ती घायल इंद्रेश पुत्र नत्थी कुशवाह निवासी कांसपुरा थाना कंचनपुर ने बताया कि वह अपने परिवार के ही हम उम्र रामप्रकाश पुत्र गणेशी लाल के साथ गुरुवार शाम पांच बजे किसी काम से बाइक से मूसलपुर गया था। वहां से काम कर वापस अपने गांव कांसपुरा आ रहे थे। इस दौरान मुसलपुर से निकलते ही पीपल के पेड़ के पास बाइक चला रहे रामप्रकाश ने कहा कि उसे शराब पीनी है उसके पास पैसे नहीं है। तुम पैसे दे दो। जब इंद्रेश ने पैसे देने से मना कर दिया तो रामप्रकाश तैश में आ गया और बाइक की स्पीड बढ़ा दी। लहराते हुए आगे जाकर बाइक तेज गति होने के चलते स्लिप होकर सड़क पर गिर गई।

घटना में घायल हुए इंद्रेश और रामप्रकाश को राहगीर की सूचना पर मौके पर पहुची 108 सेवा से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद दोनों युवकों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। दोनों घायलों का उपचार जारी है।

# राजाखेड़ा में समस्त खाद्यान विक्रेताओं को दिया प्रशिक्षण

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा पंचायत समिति सभागार में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद् धौलपुर की अध्यक्षता में ब्लॉक राजाखेड़ा के समस्त खाद्यान विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन पंचायत समिति परिसर राजाखेड़ा में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक प्रभुदयाल शर्मा द्वारा आदान विश्लेताओं को रिकार्ड संधारण यथा रेट बिस्ट लगाना, स्टॉक रजिस्टर संधारण एवं पॉस मशीन से आदान विक्रय करना और कृषकों द्वारा मांगे जाने पर बिल उपलब्ध करवाना आदि की जानकारी दी गयी। साथ ही प्रति कृषक एक या दो बैग युरिया, डीएपी आधार कार्ड या फार्मर आई.डी. से विक्रय करने के निर्देशित किया गया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र संख्याः- म0रे0प्र0/वा0/आगरा/ए0टी0एम0/ई-नीलामी/2026 दिनांकः 15.04.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **श्रेणीः** एटीएम | **नीलामी केटलॉग संख्याः** ATM-AGRA-26-02 |

**एसेट्स डिटेल्सः** • राजा की मंडी रेलवे स्टेशन में ए.टी.एम. की स्थापना, संचालन एवं रख-रखाव। • आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सरर्कूलेटिंग एरिया में फूड प्लाजा के पास ए.टी.एम की स्थापना एवं रख-रखाव। • ईदगाह रेलवे स्टेशन में ए.टी.एम. की स्थापना, संचालन का रख-रखाव। • आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कूलेटिंग एरिया में रिजर्वेशन ऑफिस के पास ए.टी.एम की स्थापना, संचालन एवं रख-रखाव। • भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के सर्रकूलेटिंग एरिया में ए.टी.एम. की स्थापना, संचालन एवं रख-रखाव।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 04.05.2026 समय- 12.30

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 04.05.2026 समय- 13.40

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 828/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# ग्राम रथ अभियानः विकास रथ संचालन को लेकर लगाये नोडल व सह नोडल अधिकारी

### जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाई जायेगी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार की कृषक, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिये चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शीघ्र ही एलईडी मोबाइल वैन आधारित जन जागरूकता अभियान विकास रथ संचालित किये जायेंगे।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि विकास रथों के कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार एवं रथों का व्यवस्थित सुसंचालन एवं मॉनिटरिंग के लिये जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं विधानसभा क्षेत्र के नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि विकास रथ संचालन के लिये मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे तथा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग संत सिंह एवं संयुक्त निदेशक कृषि विभाग प्रभु दयाल शर्मा जिला सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी प्रकार उपखण्ड स्तर पर एसडीएम संबंधित विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी, सहायक निदेशक कृषि ब्लॉक स्तरीय सहायक नोडल प्रथम, बीडीओ सहायक नोडल द्वितीय होंगे।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार मोबाइल वैन के लिये विधानसभा अनुसार रूट चार्ट बनाया जायेगा। संबंधित एसडीएम इसके लिये विधानसभा का रूट चार्ट तैयार कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगे। प्रत्येक एलईडी मोबाइल वैन प्रतिदिन 5 से 6 स्थानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त जन भागीदारी सुनिश्चित की जाये। पंचायत प्रतिनिधियों, संबंधित अधिकारियों तथा स्थानीय संस्थाओं को पूर्व में सूचना देकर सहभागिता सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार नोडल अधिकारी द्वारा वैन के आगमन प्रस्थान, निर्धारित रूट के पालन, ठहराव स्थल का चयन, आगन्तुकों और सुरक्षा व्यवस्था, कार्यक्रम की निगरानी, चालक एवं तकनीकी कार्मिक का विवरण संधारित किया जायेगा तथा प्रतिदिन सूचना देनी होगी। अंतिम ठहराव स्थल पर प्रतिदिन संध्या चौपाल एवं कला जत्था कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# ग्रीष्मकालीन और संस्था प्रधान के अवकाशों में कटौती एवं वरिष्ठ व्याख्याता पद के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** रेसला संगठन धौलपुर द्वारा प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी गोदारा,प्रदेश मंत्री डॉ अशोक जाट के आव्हान पर स्कूल शिक्षा विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता (1.-14) पद के सृजन बाबत निर्णय पर पुनर्विचार कर उक्त पद को समाप्त करने एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन और संस्था प्रधान के अवकाशों में कटौती के विरोध में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर धौलपुर को समस्त कार्यकारिणी रेसला धौलपुर की ओर से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष रेसला जगन्नाथा मीना ने बताया कि सरकार द्वारा उप-प्राचार्य पद के स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता के नवीन पद (रु-14) सृजन के निर्देश वित्त विभाग के निर्णयानुसार विभाग को प्रदान किये गये हैं एवं उप-प्राचार्य पद को डाईंग कैडर घोषित किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रदेश में स्कूल व्याख्याता संवर्ग के एकमात्र प्रतिनिधि संगठन 'राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ द्वारा संभावित विसंगतियों पर विरोध जताते हुए सरकार को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि व्याख्याता संवर्ग के पदोन्नति अवसरों में संवर्धन के बजाय पदोन्नति अवसरों को सीमित करता है। उक्त निर्णय से व्याख्याता संवर्ग के पदोन्नति अवसरों में एक भी पद की वृद्धि नहीं हुई है। सरकार से आग्रह किया है कि संगठन की उपर्युक्त न्यायपूर्ण मांग के सम्बन्ध में तत्काल निर्णय लिया जाकर तदसम्बन्धी आदेश जारी करने का अनुग्रह करें जिससे कि प्रदेश के 55 हजार से अधिक संख्या वाले व्याख्याता संवर्ग में वरिष्ठ व्याख्याता पद सृजन के निर्णय से व्याप्त आक्रोश का तात्कालिक शमन किया जा सके। अन्यथा स्थिति में संगठन को न्यायपूर्ण मांग की पूर्ति हेतु राज्यव्यापी आन्दोलन के विकल्प पर विचार करना होगा। इस अवसर पर जिलेभर के रेसला संगठन के व्याख्याता,उप प्राचार्य उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## कचरे से कमालः प्लास्टिक बनाएगा जल और मिट्टी को शुद्ध

**डॉ विजय गर्ग**

आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। नदियाँ, झीलें, समुद्र और यहां तक कि जमीन भी प्लास्टिक कचरे से प्रभावित हो रही है। लेकिन विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नए शोध अब इस समस्या को समाधान में बदलने की दिशा में आशा की किरण दिखा रहे हैं।

हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने ऐसी नई तकनीकों का विकास किया है, जिनकी मदद से प्लास्टिक कचरे को न केवल कम किया जा सकता है, बल्कि उसे उपयोगी संसाधन में भी बदला जा सकता है। यह तकनीकें दूषित जल और जमीन को साफ करने में भी सहायक बन रही हैं।

प्लास्टिक से समाधान की ओर प्लास्टिक को छोटे-छोटे कणों में तोड़कर माइक्रोप्लास्टिक या नैनोप्लास्टिक बनाया जा सकता है, जिनका उपयोग जल शोधन में किया जा रहा है। ये कण दूषित पानी में मौजूद हानिकारक धातुओं और रसायनों को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे पानी शुद्ध हो जाता है। इस प्रक्रिया को 'एडसॉर्प्शन' तकनीक कहा जाता है।

दूषित जमीन का पुनर्जीवन प्लास्टिक आधारित कुछ विशेष सामग्री का उपयोग मिट्टी में मौजूद विषैले तत्वों को हटाने में किया जा रहा है। ये सामग्री मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करती हैं और उसे दोबारा खेती योग्य बनाती हैं। इस प्रकार, जो प्लास्टिक पहले प्रदूषण का कारण था, वही अब भूमि सुधार का साधन बन रहा है।

पर्यावरण के लिए वरदान यह नई दिशा पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे न केवल प्लास्टिक कचरे की मात्रा कम होगी, बल्कि जल और भूमि प्रदूषण भी नियंत्रित होगा। साथ ही, यह एक सर्कुलर इकोनॉमी (परिपत्र अर्थव्यवस्था) को बढ़ावा देती है, जिसमें अपशिष्ट को पुनः उपयोग में लाया जाता है।

चुनौतियाँ और भविष्य हालांकि ये तकनीकें अभी शुरुआती चरण में हैं और बड़े स्तर पर इन्हें लागू करने के लिए और शोध की आवश्यकता है। लागत, तकनीकी जटिलता और जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियाँ भी सामने हैं। लेकिन यदि सरकार, वैज्ञानिक और समाज मिलकर प्रयास करें, तो यह समाधान व्यापक स्तर पर अपनाया जा सकता है।

निष्कर्ष प्लास्टिक, जो कभी केवल समस्या का प्रतीक था, अब समाधान का हिस्सा बनता नजर आ रहा है। यदि सही दिशा में प्रयास जारी रहे, तो आने वाले समय में प्लास्टिक न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दूषित जल और जमीन को फिर से उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

## व्यवस्था का कड़वा सचः ईमानदार लोग ही क्यों पड़ जाते हैं अकेले

> एक कहावत है कि खोटे सिक्के खरे सिक्कों की आड़ में चल पाते हैं। यह तथ्य केवल बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं, यह तो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। वैसे सरकारी दफ्तरों का उदाहरण देखा जा सकता है, जहां असंख्य खरे सिक्के भी हैं, ईमानदार, कर्मठ, जिम्मेदार कर्मचारी, पर इनको अक्सर खोटे सिक्कों के साथ सहअस्तित्व बना कर चलना पड़ता ह

हर सफल संस्था की रीढ़ ईमानदार और परिश्रमी लोगों से बनती है। किसी दफ्तर, विद्यालय या शासन व्यवस्था की गाड़ी उन गिने-चुने लोगों के श्रम, निष्ठा और जिम्मेदारी से चलती है, जो अपने कर्तव्य को धर्म समझते हैं। ऐसे लोग बिना किसी पुरस्कार या प्रशंसा की अपेक्षा के अपने हिस्से का काम पूर्ण मनोयोग से करते हैं। इन्हीं लोगों के परिश्रम के कारण ही कई खोटे सिक्के भी सहजता से चल जाते हैं। वे जानते हैं कि संस्था की साख इन ईमानदार लोगों से बनी है, इसलिए खोटे कर्मचारियों के दोष उसी उज्ज्वल साख की परछाई के पीछे छिप जाते हैं।




एक कहावत है कि खोटे सिक्के खरे सिक्कों की आड़ में चल पाते हैं। यह तथ्य केवल बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं, यह तो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। वैसे सरकारी दफ्तरों का उदाहरण देखा जा सकता है, जहां असंख्य खरे सिक्के भी हैं, ईमानदार, कर्मठ, जिम्मेदार कर्मचारी, पर इनको अक्सर खोटे सिक्कों के साथ सहअस्तित्व बना कर चलना पड़ता है। ये राष्ट्र की सेवा का भाव लेकर काम करते लोग, अपने काम को साधना समझते लोग, सुबह समय पर पहुंचते लोग, समय से फाइलें निपटाते लोग, घर लौटते समय यह संतोष रखते हैं कि आज का दिन निष्कलंक गया, फलदायी गया। मगर यथार्थ में ऐसे लोग ही धीरे-धीरे सबसे अधिक अकेले पड़ जाते हैं, क्योंकि वे व्यवस्था के 'गैरलिखित नियमों' को नहीं जानते। वह नियम, जो कहता है कि यहां काम से नहीं, जनसंपर्क से, कुशल व्यवहार से हर गति है।

धीरे-धीरे ये खरे सिक्के यह महसूस करते हैं कि उसकी चमक आसपास के लोगों की आंखों को चुभती है। उसके खिलाफ एक अनकही अस्वीकार्यता का वातावरण तैयार हो जाता है। नतीजतन, उसे अलग-थलग कर दिया जाता है। उसके उत्साह को 'दिखावा' उसके परिश्रम को बेमानी कहा जाता है। मनुष्य का मनोविज्ञान यही है, जिसके श्रम के कारण हमारी सुस्ती प्रकाश में आए, उसके श्रम को ही असहज बना दिया जाए। धीरे-धीरे वही होता है, जो नहीं होना चाहिए। औसतपन एक आदर्श बन जाता है और जिस आदर्श कार्यशैली से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए थी, वह बुझती हुई खंभा-बत्ती बन कर रह जाती है। इस प्रवृत्ति की वजह से किसी भी संस्थान के संवेदनशील न होने का पता चलता है, एक विचित्र दांवपेच को बढ़ावा मिलता है, योग्य और सक्षम लोगों को दरकिनार होना पड़ता है, लेकिन इसका खमियाजा समूचे संस्थान को उठाना पड़ता है। इसके बावजूद समाज को इस प्रकृति से बहुत ज्यादा गुरेज नहीं होता।

सरकारी तंत्र में तो यह प्रवृत्ति और गहरी है। वहां समय के साथ 'खोटे सिक्के' एक-दूसरे के लिए कवच बन जाते हैं। वे एक-दूसरे की गलतियां ढकते हैं, एक-दूसरे की उपस्थिति को आवश्यक बनाते हैं। जबकि जो 'खरे' हैं, वे अपने ही ईमान की सजा भुगतते हैं। कोई भी उन्हें खुलकर बुरा नहीं कहता, बस उनके आसपास एक अजीब-सी चुप्पी बुन दी जाती है। यह एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक बहिष्कार है, सूक्ष्म और घातक। इसके असर का अंदाजा लगाना क्या इतना मुश्किल है?मनुष्य का मन सदैव समूह की स्वीकृति चाहता है। इसलिए वह अपने अंतर्मन की सच्चाई के बजाय समूह के मानदंडों को सत्य मानने लगता है। जब औसतपन एक आदर्श बन जाता हो, तो अपनी क्षमता पर संदेह होना स्वाभाविक है। मनुष्य सबसे अधिक सहज तब होता है, जब उसे अपने गलत होने का डर नहीं रहता। यही बात कार्यालयों पर भी लागू होती है। वहां जो व्यक्ति नियम तोड़ता है, यह जानता है कि वह अकेला नहीं। काम करने वालों की अपेक्षा काम न करने वाले सदैव संख्या में अधिक रहेंगे। यही संख्या बल का आत्मविश्वास उसे निर्भीक बनाता है, और यही निर्भीकता ईमानदारों की असहजता का कारण बनती है।

एक उदाहरण देखा जा सकता है। किसी दफ्तर में दो कर्मचारी हैं। पहला हर महीने समय पर फाइलें पूरी करता है, किसी से रिश्वत नहीं लेता। दूसरा काम टालता है, कभी किसी की फाइल रोक देता है, कभी 'चाय पानी की भाषा' में बात करता है। मगर जब अहम वक्त आता है, तो दूसरे वाले की 'मिलनसार प्रवृत्ति' और 'सामाजिक बुद्धिमत्ता' की तारीफ की जाती है। जबकि वास्तविक रूप में कार्य करने वाले की अच्छाई केवल तब तक अच्छी लगती है, जब तक वह दूसरों को आईना नहीं दिखाती।

खोटे सिक्के चल पाते हैं, क्योंकि उनका चलन सामूहिक समझौते से बनता है। कोई उन्हें रोकता नहीं, क्योंकि हर कोई कहीं-न-कहीं वैसा थोड़ा-थोड़ा बन चुका होता है। व्यवस्था में इसे 'मौन सहमति' प्राप्त होती जाती है। धीरे-धीरे यह स्थिति इतनी सामान्य हो जाती है कि खरे सिक्के स्वयं को अनुपयोगी समझने लगते हैं। वे या तो घर बैठ जाते हैं, या स्वयं को औसत बना लेते हैं। और यही वह क्षण है जहां हम देखते हैं कि बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है। यह उक्ति केवल अर्थशास्त्र का ही नहीं, मनोविज्ञान का सबसे क्रूर सत्य उजागर करती है। जब समाज, संस्था, या व्यवस्था में खोटे सिक्कों का बोलबाला हो जाता है, तब खरे सिक्के अपने ही मूल्य से वंचित हो जाते हैं। वे चलन से बाहर हो जाते हैं, जैसे नैतिकता, आदर्श, सच्चाई, श्रम, लगन ये सब घिसी-पिटी बातें हों। और फिर धीरे-धीरे खोटे सिक्के ही असली मुद्रा बन जाते हैं- सबकी जेबों में, सबके मन में!हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है। उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है।

## मोदी से 40 मिनट बातचीत, आसिम मुनीर की तारीफ; भारत और पाकिस्तान दोनों को किस तरह साध रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बीच एक सावधानी भरा संतुलन साधते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका पाकिस्तान की चुनी हुई नागरिक सरकार की बजाय सैन्य नेतृत्व के साथ अधिक सक्रिय संवाद करता दिख रहा है, जिससे कई सवाल उठ रहे हैं।

14 अप्रैल को ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लगभग 40 मिनट तक फोन पर बातचीत की। अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार ट्रंप ने मोदी से कहा, 'मैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं।' उसी दिन ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका-ईरान वार्ता दो दिनों में फिर शुरू हो सकती है और ये बातचीत पाकिस्तान में हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा, 'आप जानते हैं क्यों? क्योंकि फील्ड मार्शल बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।' उन्होंने अलग से एक अन्य संदेश में मुनीर को 'बेहतरीन' भी बताया।

इन दिनों अमेरिकी नेताओं की ओर से मुनीर की लगातार तारीफ की जा रही है और कई बार उन्हें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी ज्यादा अहम माना जा रहा है।

मुनीर को ट्रंप का 'पसंदीदा' फील्ड मार्शल भी कहा जा रहा है। वह व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत और लंच के लिए भी आमंत्रित किए जा चुके हैं। दूसरी ओर, 15 अप्रैल को शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री इशाक डार सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर गए, जो इस पूरे कूटनीतिक घटनाक्रम से अलग एक समानांतर प्रयास जैसा दिखता है।

उसी समय मुनीर के तेहरान जाने की भी बात सामने आई, जिससे यह धारणा और मजबूत हुई कि वे क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बातचीत में सीधे शामिल हैं, खासकर अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर। यह भी कहा जा रहा है कि वे जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं, जहां उनका प्रभाव और अधिक प्रमुखता से सामने आ सकता है।

ट्रंप की मुनीर के प्रति सकारात्मक सोच नई नहीं है। अमेरिका यह समझता है कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सेना की भूमिका बहुत मजबूत है। लेकिन आलोचकों का कहना है कि इस तरह सेना को ज्यादा महत्व देने से पाकिस्तान की लोकतांत्रिक संस्थाएं और कमजोर हो सकती हैं।

कुछ विश्लेषकों का यह भी मानना है कि पाकिस्तान की सेना ने लंबे समय से क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने में भूमिका निभाई है, खासकर 1990 के दशक के बाद से। इस नजरिए से देखा जाए तो मुनीर का अमेरिका-ईरान बातचीत में मध्यस्थ के रूप में उभरना कई सवाल खड़े करता है, खासकर तब जब यह भूमिका नागरिक सरकार की बजाय सैन्य नेतृत्व को मिल रही है।

इस पूरे घटनाक्रम ने भारत और पाकिस्तान को एक ही नजर से देखने की पुरानी अमेरिकी नीति की वापसी की बहस भी शुरू कर दी है। आलोचकों के अनुसार यह सोच अब पुरानी हो चुकी है क्योंकि भारत आज एक बड़ा वैश्विक शक्ति केंद्र है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रहा है।

भारत के संदर्भ में एक और सवाल यह उठता है कि उसे पश्चिम एशिया में अपनी कूटनीतिक और सुरक्षा नीति को और मजबूत करने की जरूरत है। भारत के लिए यह क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है, और उसकी भूमिका सिर्फ संयुक्त अरब अमीरात तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। लेख में यह भी सवाल उठाया गया है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यात्राएं मुख्य रूप से यूएई तक ही क्यों सीमित रही हैं।

दूसरी तरफ, अमेरिका भारत से क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) में और मजबूत भूमिका निभाने की उम्मीद कर रहा है। यह अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है, जो चीन को लेकर उसकी नीति से जुड़ी हुई है। लेकिन अगर अमेरिका खुद चीन के साथ संबंध सुधारता है, तो क्वाड की उपयोगिता पर भी असर पड़ सकता है।

भारत के लिए यह भी जरूरी माना जा रहा है कि वह सिर्फ बहुपक्षीय समूहों पर निर्भर न रहे, खासकर चीन के साथ अपनी चुनौतियों को देखते हुए।

अंत में भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर लगातार बढ़ती सकारात्मक बातों के बावजूद, मार्च में भारत दौरे के दौरान क्रिस्टोफर लैंडौ की उस टिप्पणी की भी याद दिलाई जाती है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही 'गलती' नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन के साथ की थी। इससे यह सवाल बना रहता है कि आने वाले समय में भारत-अमेरिका संबंध कितने गहरे और स्थायी होंगे।

## मां थी तो पैसे नहीं थे, अब पैसे हैं पर मां नहीं है

> मां... एक ऐसा शब्द, जिसमें पूरी दुनिया की ममता समाई होती है। जब वह थी, तब शायद हमने उसकी कीमत नहीं समझी। उसकी डांट में छुपा प्यार, उसके हाथों का बना सादा खाना, उसकी छोटी-छोटी चिंताएं—सब कुछ हमें सामान्य लगता था। हम सोचते थे कि जब हमारे पास पैसे होंगे, अच्छी नौकरी होगी, तब हम उसे खुश रखेंगे, उसकी हर इच्छा पूरी करेंगे।

**डॉ विजय गर्ग**

जीवन अक्सर हमें ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर देता है, जहां पीछे मुड़कर देखने पर ही उसकी असली कीमत समझ आती है। बचपन के वे दिन, जब घर में सुविधाएं कम थीं, जेब में पैसे नहीं होते थे, लेकिन दिल में एक अजीब-सी शांति और सुकून होता था—क्योंकि मां साथ होती थी।

मां... एक ऐसा शब्द, जिसमें पूरी दुनिया की ममता समाई होती है। जब वह थी, तब शायद हमने उसकी कीमत नहीं समझी। उसकी डांट में छुपा प्यार, उसके हाथों का बना सादा खाना, उसकी छोटी-छोटी चिंताएं—सब कुछ हमें सामान्य लगता था। हम सोचते थे कि जब हमारे पास पैसे होंगे, अच्छी नौकरी होगी, तब हम उसे खुश रखेंगे, उसकी हर इच्छा पूरी करेंगे।

**लेकिन समय किसी के लिए नहीं रुकता।**

आज हमारे पास पैसे हैं, सुख-सुविधाएं हैं, बड़े घर हैं, महंगे कपड़े हैं—लेकिन मां नहीं है। अब वह आवाज नहीं आती जो पूछती थी, 'खाना खा लिया?' अब वह हाथ नहीं हैं जो सिर पर रखकर आशीर्वाद देते थे। अब कोई नहीं है जो बिना कहे हमारी हर परेशानी समझ ले।



पैसा बहुत कुछ खरीद सकता है—सुख-सुविधाएं, आराम, नाम और शोहरत। लेकिन मां का प्यार, उसकी ममता, उसकी उपस्थिति—ये सब अमूल्य हैं, जिन्हें कोई धन वापस नहीं ला सकता।

अक्सर हम अपने जीवन की दौड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने सबसे करीब के रिश्तों को नजरअंदाज कर देते हैं।

हम यह भूल जाते हैं कि जिनके लिए हम सब कुछ कर रहे हैं, वे ही हमारे पास हमेशा नहीं रहेंगे।

यह लेख सिर्फ एक भावनात्मक अनुभव नहीं, बल्कि एक संदेश है—जब तक मां हमारे साथ है, उसके साथ समय बिताएं, उसकी कद्र करें, उसके त्याग को समझें। उसे यह महसूस कराएं कि वह हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है।

क्योंकि एक दिन ऐसा भी आएगा जब हम सब कुछ हासिल कर लेंगे, लेकिन मन के किसी कोने में एक खालीपन रह जाएगा—जिसे कोई भी दौलत नहीं भर पाएगी।

मां का होना ही असली दौलत है।

**डॉ विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

## परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी

> हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं

इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा।

हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है। निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके। मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी। शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है।सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है, तो नई स्थितियों में इससे संबंधित किसी कवायद पर उठने वाले सवालों का हल क्यों नहीं निकाला गया? कोशिश इस बात की होनी चाहिए कि अगर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो इस मसले पर उभरने वाली आपत्तियों पर गौर किया जाए और सभी राज्यों के बीच सहमति कायम की जाए।अमित शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी।



# अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं
## वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

धोनी को आईपीएल शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरुआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए।

अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं।



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्ा) से होना है। हालांकि, इस मैच में धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। ष्टस्य्र के सूत्रों ने कहा,'धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।'

प्रैक्टिस सेशन में की लंबी बल्लेबाजी, रेंज हिटिंग पर फोकस भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी 'रेंज हिटिंग'पर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं।

इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर हो सकता है इस्तेमाल धोनी की वापसी के बाद ष्टस्य्र उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। इससे धोनी पर विकेटकीपिंग और दौड़ने का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और टीम उनकी पावर-हिटिंग का फायदा उठा सकेगी।

# मैं खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए हूं, उनपर नियंत्रण के लिए नहीं: रिकी पोंटिंग

मुंबई । रिकी पोटिंग की कोचिंग वाली पंजाब किंग्स आईपीएल में सभी विपक्षी टीमों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। आईपीएल 2025 का फाइनल खेलने वाली पंजाब ने आईपीएल 2026 की शुरुआत भी उसी अंदाज में की है और अब तक अपराजेय है। गुरुवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान वानखेड़े में 7 विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस पर जीत के बाद पंजाब किंग्स अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दमदार जीत और सीजन में टीम के शानदार प्रदर्शन पर पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह एक कोच के तौर पर खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और चुनौती देते हैं, लेकिन उन पर नियंत्रण नहीं करते। पोंटिंग ने जियोस्टार पर कहा, 'मेरे लिए, यह सही माहौल बनाने से शुरू होता है, जहां हर खिलाड़ी को लगे कि उसे अहमियत दी जा रही है और वह एक ही पेज पर है। एक कोच के तौर



पर, मैं उनका समर्थन करने और चुनौती देने के लिए हूं, उन पर नियंत्रण करने के लिए नहीं हूं। जब वे असफल होते हैं, तब भी उन्हें यह जानना होगा कि यह खेल का हिस्सा है। टी20 क्रिकेट में, आपको किसी भी दिन आगे बढ़ने के लिए बस कुछ ही खिलाड़ियों की जरूरत होती है। '

उन्होंने कहा कि नीलामी के दौरान भी हमारी यही रणनीति थी। हमारा लक्ष्य स्पष्ट भूमिकाओं के साथ एक मजबूत ग्रुप बनाने पर था। जब खिलाड़ियों के मन में दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रहती है, तो नतीजे अच्छे होते हैं।मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के मैच पर नजर डालें तो पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। क्विंटन डिकॉक के 60 गेंदों पर बनाए नाबाद 112 रन की मदद से मुंबई ने 6 विकेट पर 195 रन बनाए थे।पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह के 39 गेंदों पर नाबाद 80 और कप्तान श्रेयस अय्यर के 35 गेंदों पर 66 रनों की बदौलत 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीता।

पंजाब सीजन के 5 मैचों में 4 जीत चुकी है। एक मैच बारिश की वजह से धुल गया था।

# स्टेट लीग के अनुभव ने बढ़ाया मेरा कॉन्फिडेंस : विपराज

**नई दिल्ली।** आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे तेज और हाई-प्रेशर लीग में खेलने के लिए यंग प्लेयर्स को मानसिक रूप से मजबूत होना पड़ता है। 21 साल के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी विपराज ने बताया कि इस लेवल पर परफॉर्म करने के लिए स्टेट लीग का अनुभव और प्रैक्टिस कैंप की प्लानिंग सबसे ज्यादा काम आती है।

दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने आईपीएल 2026 के राइवलरी वीक के दौरान गुरुवार को जियोस्टार प्रेस रुम में मीडिया से बात की।विपराज ने कहा, आईपीएल एक बहुत ही फास्ट लीग है, जहां खिलाड़ियों को अपनी तैयारी और खेल के बारे में सोचने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इसी वजह से वे अपने प्रैक्टिस सेशन्स और कैंप्स के दौरान ही यह तय कर लेते हैं कि मैच में किस तरह का प्रदर्शन करना है। वे अपनी प्लानिंग के अनुसार ही प्रैक्टिस सेशन में खुद को ढालते हैं।



इसके अलावा विपराज ने अपनी सफलता में स्टेट लीग की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा,

**कौन हैं विपराज निगम?**

विपराज निगम का जन्म 28 जुलाई, साल 2004 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। आईपीएल 2025 के लिए हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। विपराज दाहिने हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ लेगब्रेक गेंदबाजी करने में माहिर हैं।

**डेब्यू पर सुर्खियां बटोरीं**

विपराज का डेब्यू शानदार रहा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करते हुए स्त्त के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 39 रन की विस्फोटक पारी और एक विकेट (ऐडन मार्करम) लेकर सुर्खियां बटोरीं। विपराज ने यह पारी तब खेली जब दिल्ली कैपिटल्स 13वें ओवर में 113/6 पर थी और 210 के टारगेट का पीछा कर रही थी।

# बुमराह को मिला कोच जयवर्धने का समर्थन, बोले- हमारा गेंदबाजी आक्रामण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा

**मुंबई।** इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने आईपीएल 2026 में विकेट न लेने के बावजूद जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद उन्होंने स्वीकार किया है कि गेंदबाजी इकाई सामूहिक रूप से संघर्ष कर रही है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

**बुमराह के फॉर्म ने बढ़ाई चिंता**

जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी का सबसे मजबूत और प्रमुख हथियार हैं। शुरुआती ओवर हों या डेथ ओवर, बुमराह के खिलाफ रन बनाना हमेशा मुश्किल होता है। बल्लेबाज उनके खिलाफ जोखिम नहीं लेते और अपनी विकेट बचाने की कोशिश करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी उनके



साथ ऐसा ही होता है, लेकिन आईपीएल 2026 बुमराह के लिए बिल्कुल अलग, असाधारण और निराशाजनक साबित हुआ है। यॉर्कर किंग के नाम से मशहूर बुमराह की गेंदों पर आराम से रन बन रहे हैं। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उनकी पहली गेंद पर छक्का लगा दिया था। सीजन के पांच मैचों में 19 ओवर फेंक कर 164 रन लुटाने वाले बुमराह को एक भी विकेट हासिल नहीं हो सका है। यह परेशान करने वाला है और मुंबई की लगातार हार का एक कारण भी है।

जयवर्धने ने कहा, बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बस पावरप्ले में हम विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। विपक्षी टीम जानती है कि बुमराह के खिलाफ ज्यादा जोखिम लेने की जरूरत नहीं है। हमने कुछ अलग-अलग तरीके आजमाए हैं। विरोधी टीम में ऐसे तरीके आजमा रही हैं, लेकिन वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मैं किसी एक चीज पर अंगुली नहीं उठा सकता और यह नहीं कह सकता कि उन्होंने विकेट नहीं लिया है।

**जयवर्धने बोले- आईपीएल की शुरुआत में चोटिल थे बुमराह**

श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि आईपीएल की शुरुआत में बुमराह मामूली रूप से चोटिल थे, लेकिन अब वह पूरी तरह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व कप के दौरान उन्हें हल्की चोट लग गई थी। पिछले कुछ मैचों में उनकी गति में सुधार हुआ है। हमने इन सभी बातों को ध्यान रखा है, इसलिए वह काफी सहज महसूस कर रहे हैं। कभी-कभी किस्मत का साथ भी जरूरी होता है।

## व्यापार

# जियो का आईपीओ मई में आने की उम्मीद
## ड्राफ्ट पेपर्स जल्द फाइल करेगी कंपनी

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर्स मई में फाइल कर सकती है। पहले रिलायंस का लक्ष्य मार्च के अंत तक पेपर्स फाइल करने का था।

हालांकि, ईरान युद्ध के कारण बाजार में आई गिरावट की वजह से इस टाइमलाइन को आगे बढ़ा दिया गया। यह देश का सबसे बड़ा ढूक्ह हो सकता है।

**वैल्यूएशन में हुंडई को पीछे छोड़ेगी जियो**

इन्वेस्टमेंट बैंक जेफरीज ने पिछले साल नवंबर में जियो की वैल्यूएशन करीब 180 बिलियन डॉलर यानी करीब 16 लाख करोड़ रुपए आंकी थी।

हालांकि, अब कुछ बैंकर्स इसकी वैल्यूएशन 240 बिलियन डॉलर यानी करीब 22 लाख करोड़ रुपए तक बता रहे हैं।



इस वैल्यूएशन के हिसाब से 2.5% हिस्सा बेचने पर भी जियो हुंडई मोटर इंडिया के ?27,000 करोड़ के आईपीओ को पीछे छोड़ देगी।

**विदेशी निवेशकों को मिल सकता है निकलने का मौका**

पिछले 6 सालों में रिलायंस जियो ने केकेआर (चय्त्र), सिल्वर लेक और गूगल जैसे बड़े ग्लोबल इन्वेस्टर्स से फंड जुटाया है।

माना जा रहा है कि इस आईपीओ के जरिए कई विदेशी निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं और बाहर निकल सकते हैं।

**19 बैंकों को सौंपी गई आईपीओ मैनेज करने की जिम्मेदारी**

रिलायंस ने पिछले महीने ही आईपीओ की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू कर दी थीं। इसके लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली, गोल्डमैन सैक्स, जेएम फाइनेंशियल, एचएसबीसी बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप जैसे 19 बड़े बैंकों को एडवाइजर के तौर पर नियुक्त किया गया है। हालांकि, आईपीओ के स्ट्रक्चर और सटीक समय को लेकर अभी चर्चा जारी है और इसमें बदलाव संभव है।

**मस्क की स्टारलिंक से मुकाबला और एआई पर फोकस**

जियो सिर्फ एक टेलीकॉम कंपनी नहीं रह गई है, बल्कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल सर्विसेज में भी तेजी से विस्तार कर रही है।

# गूगल ने भारत में 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट सस्पेंड किए

**जेमिनी एआई की मदद से 2025 में 48 करोड़ से ज्यादा भ्रामक विज्ञापन भी हटाए**

टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं।

गुरुवार को जारी गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर कार्रवाई और भी बड़े पैमाने पर हुई है। पिछले साल दुनिया भर में 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया गया।

इसके साथ ही 2.49 करोड़ एडवरटाइजर अकाउंट्स को भी सस्पेंड किया गया है। कंपनी का दावा है कि हटाए गए कुल विज्ञापनों में से 99%



को यूजर्स के देखने से पहले ही रोक दिया गया था।

गूगल ने बताया कि जेमिनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के जुड़ने से उसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। आजकल स्कैमर्स भ्रामक विज्ञापन बनाने के लिए जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

जेमिनी की मदद से ऐसे धोखेबाजों को रियल-टाइम में पहचानना और रोकना आसान हो गया है। इसकी कार्यकुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2024 के मुकाबले 2025 में यूजर्स की रिपोर्ट पर चार गुना तेजी से एक्शन लिया गया।

**की-वर्ड्स की जगह अब 'इरादा' समझता है सिस्टम**

गूगल के एड्स प्राइवेसी एंड सेफ्टी विभाग के वीपी और जनरल मैनेजर कीरत शर्मा ने बताया कि उनकी टीमें 24 घंटे काम करती हैं। कंपनी के नए मॉडल्स अब केवल कीवर्ड्स पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वे विज्ञापनों के पीछे के इंटेंट यानी इरादे को भी समझते हैं।

ये मॉडल अकाउंट की उम्र और व्यवहार जैसे अरबों संकेतों का एनालिसिस करते हैं। जिससे पकड़ में आने से बचने के लिए डिजाइन किए गए विज्ञापनों को भी पहले ही ब्लॉक कर दिया जाता है।

# ईरान युद्ध के कारण यूरोप में जेट फ्यूल का संकट, 6 हफ्ते का स्टॉक बचा

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध और होर्मुज रूट बंद होने से यूरोप और एशिया में जेट फ्यूल की भारी कमी होने वाली है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक, यूरोप के पास अब सिर्फ 6 हफ्ते का तेल बचा है। अगर सप्लाई जल्द शुरू नहीं हुई, तो गर्मियों की छुट्टियों के सीजन में फ्लाइट्स रद्द होंगी और टिकट के दाम बढ़ेंगे।

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के डायरेक्टर फातिह बिरोल ने एक इंटरव्यू में बताया कि ग्लोबल इकोनॉमी अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। यूरोप के कुछ देशों के पास आमतौर पर कई महीनों का जेट फ्यूल स्टॉक होता है, लेकिन युद्ध की वजह से अब यह तेजी से घट रहा है।

आईईए की रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोप के कई देशों में अब 20 दिन से भी कम का फ्यूल स्टॉक रह गया है।



अगर यह 23 दिन से नीचे गिरता है, तो एयरपोर्ट्स पर फ्यूल की फिजिकल कमी दिखने लगेगी, जिससे फ्लाइट्स बड़े पैमाने पर रद्द करनी पड़ेंगी।

यूरोप अपनी जरूरत का करीब 20 से 25% जेट फ्यूल आयात करता है। इसमें से 40% हिस्सा होर्मुज रूट के रास्ते आता है। अर्गस मीडिया के मुताबिक, जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, इस रास्ते से एक भी फ्यूल शिप नहीं निकला है। दुनिया में हर दिन 1 करोड़ से 1.5 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई इस रास्ते के बंद होने से रुकी हुई है।

एयरलाइंस पर बोझ बढ़ा, खर्च में 30% हिस्सा फ्यूल का

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, किसी भी एयरलाइन के कुल खर्च में जेट फ्यूल की हिस्सेदारी 30% होती है। युद्ध शुरू होने के बाद से जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। इसका सीधा असर एयरलाइंस के मुनाफे पर पड़ रहा है।यही वजह है कि एयरलाइंस ने अब इसका बोझ यात्रियों पर डालना शुरू कर दिया है। कई कंपनियों ने टिकट के दाम बढ़ाने के साथ-साथ बैगेज फीस और अन्य एड-ऑन सर्विस के चार्ज बढ़ा दिए हैं।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मिडिल ईस्ट के तेल पर सबसे ज्यादा निर्भरता एशिया-पैसिफिक देशों की है, इसके बाद यूरोप आता है। अमेरिका एक बड़ा तेल उत्पादक है, इसलिए वहां फ्यूल की कमी का संकट कम है।

यूरोप की मदद के लिए अमेरिका ने अप्रैल में अपनी सप्लाई 6 गुना बढ़ाकर 1.5 लाख बैरल प्रतिदिन कर दी है, लेकिन यह पूरी कमी को भरने के लिए काफी नहीं है।

# फूड एप से 12 ऑर्डर पर 900 एक्स्ट्रा खर्च हो
## जोमैटो, स्विगी की प्लेटफॉर्म फीस 3 साल में 9 गुना बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर के जरिये खाना मंगवाना, ओटीटी देखना, 10 मिनट में किराना- ये सुविधाएं अब पहले से महंगी हो चुकी हैं। प्लेटफॉर्म फीस, डिलीवरी चार्ज और छुपे हुए खर्च मिलकर हर महीने हजारों रुपए यूं ही खर्च हो रहे हैं।यदि आप महीने में 12 बार भी फूड डिलीवरी एप से ऑर्डर करते हैं तो अनजाने में करीब 900 रुपए अतिरिक्त खर्च कर रहे हैं। इसमें 180 रुपए प्लेटफॉर्म फीस और 720 रुपए डिलीवरी चार्ज शामिल है। यह रकम हर साल बढ़ रही है।

2023-2026 के बीच जोमैटो, स्विगी पर प्लेटफॉर्म फीस 9 गुना हो गई। ऑनलाइन मेन्यू के दाम भी




ऑफलाइन से 10-15% ज्यादा होते हैं।

**मंथली खर्च पर बढ़ रहा 2 से 5 हजार का बोझ**

असली समस्या यह है कि हर खर्च छोटा लगता है। 249 रुपए का लंच, 199 रुपए का सब्सक्रिप्शन, लेकिन ये सब मिलकर परिवार के बजट पर हर महीने 2000-5000 रुपए का बोझ बढ़ा देते हैं। चुनौतीपूर्ण हालात में यह बिजनेस बढ़ता है।

कोविड महामारी की सबसे कमजोर तिमाही (जनवरी-मार्च 2020) में जहां एस एण्ड पी 500 कंपनियों की बिक्री 1.9% घटी, वहीं सब्सक्रिप्शन बिजनेस 9.5% बढ़े थे। नेटफ्लिक्स की आय 16%, एपल सर्विसेज की 36% और स्पॉटिफाई की 26% बढ़ी थी।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सब्सक्रिप्शन मॉडल दो दशकों का सबसे लचीला और मजबूत बिजनेस आर्किटेक्चर है। यहां सीधे ग्राहकों की जेब से पैसा आता है।

# 1.60 लाख कर्मचारियों के एक साल तक नहीं होंगे तबादले

## 1 मई से पोर्टल पर आम लोग खुद जनगणना कर सकेंगे

### 15 मई से घर-घर जाएंगे कर्मचारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रदेश में 1 मई से जनगणना शुरू होने जा रही है। जनगणना में लगे करीब 1.60 लाख कर्मचारियों और अफसरों के तबादले अब करीब एक साल तक नहीं हो सकेंगे। जनगणना निदेशक ने राज्य सरकार से जनगणना में लगे कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लगाने के लिए चिट्ठी लिखी है, इस पर सरकार के स्तर से आदेश जारी होंगे।

जनगणना निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि जनगणना में लगे चार्ज अफसर, प्रगणक, सुपरवाइजर, फील्ड ट्रेनर से लेकर इससे जुड़े सभी कर्मचारी अफसरों के तबादलों पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी करने हमने राज्य सरकार को लिखा है। इनके तबादलों पर प्रतिबंध लगाने का मामला विचाराधीन है, इस पर जल्द आदेश जारी हो जाएंगे। जनगणना के काम में अलग अलग स्तरों पर करीब 1.60 लाख कर्मचारी लगे हैं।

इनमें शिक्षक, लेक्चरर, ग्राम सेवक–पटवारी, तहसीलदार, नगर निगम आयुक्त जैसे अफसर–कर्मचारी शामिल हैं, इनके तबादले नहीं हो सकेंगे।

#### 1 मई से 15 मई तक लोग पॉर्टल पर खुद ब्यौरा भर सकेंगे

जनगणना निदेशक विष्णु चरण मलिक ने कहा कि 1 से 15 मई तक लोग खुद जनगणना पॉर्टल पर सेल्फ सेंसस कर सकेंगे। मकान लिस्टिंग से जुड़े 33 सवालों के जवाब इस पॉर्टल पर भरने होंगे। इसके बाद प्रगणक जाकर उसका सत्पान करेंगे। पॉर्टल पर सेल्फ सेंसस का अनिवार्य रूप से प्रगणक जाकर सत्यापन करेंगे। जनगणना के पहले पेज में प्रगणक को डिजिटल जनगणना की सुविधा दी गई है। सेल्फ सेंसस पोर्टल का उपयोग स्मार्टफोन और डेस्कटॉप से किया जा सकेगा। सेल्फ सेंसस के लिए पोर्टल पर मोबाइल नंबर दर्ज करने होंगे। इसके बाद ओटीपी आएगा। इस ओटीपी के बाद प्रोसेस आगे बढ़ेगा। जनगणना में लगे कर्मचारी किसी से ओटीपी नहीं पूछेंगे, कोई भी ओटीपी पूछने के लिए फोन नहीं करेगा। जनगणना निदेशक ने लोगों से सतर्क् रहने की अपील की है। स्वगणना का काम 15 मई को पूरा हो जाएगा। 16 मई से 14 जून के बीच प्रगणक घर घर जाकर मकान लिस्टिंग का काम करेंगे। जनगणना के पहले फेज में मकान और परिवारों को पहचान कर मकानों की लिस्ट बनाई जाएगी। प्रगणक घर-घर जाकर मकान की स्थिति पर परिवार को उपलब्ध सुविधाएं और परिवार की संपत्तियों और परिवार के उपयोग की चीजों पर सवाल पूछे जाएंगे। एक हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में 850 मकान होंगे। मकान की परिभाषा में कार्यालय, प्रतिष्ठान, भवन भी शामिल है।

#### मकान बंद है तो भी उसकी गणना होगी

जनगणना निदेशक ने कहा कि घर घर जाकर मकान लिस्टिंग के वक्त अगर कोई मकान बंद मिलता है तो प्रगणक 30 दिन की अवधि तमें फिर से उस घर पर जाएगा। इस समय अवधि में पता कर सकते हैं कि उस मकान की क्या स्थिति है, मकान में कोई रहता या नहीं रहता है? बंद है या सूना छोड़ दिया है तो उसका विकल्प दर्ज किया जाएगा।

## सियासी घमासानः राजस्थान के शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए- टीकाराम जूली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि भाजपा की यह डबल इंजन सरकार लगातार राजस्थान के गौरवशाली इतिहास पर प्रहार कर रही है। यह वही धरती है, जिसके कण-कण में साहस, त्याग, बलिदान और वीरता की अमर गाथाएं बसी हैं जो हमें गर्व, स्वाभिमान और पहचान देती हैं।

जूली ने कहा कि भाजपा सरकार आज उसी इतिहास को मिटाने की साजिश रच रही है। पहले वीर बाला काली बाई जैसे प्रेरणादायी अध्याय को पाठ्य पुस्तकों से हटाया गया, फिर राजपूताना के गौरव को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया और अब सुनियोजित तरीके से हमारे समृद्ध इतिहास को ही पुस्तकों से गायब किया जा रहा है। यह राजस्थान की आत्मा और अस्मिता पर हमला है।

टीकाराम जूली ने कहा कि मैं इस कृत्य की कठोर शब्दों में निंदा करता हूँ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग करता हूँ कि वे प्रदेश की जनता से माफी मांगें और तुरंत प्रभाव से हमारे गौरवशाली इतिहास को पुनः पाठ्यपुस्तकों में शामिल करें। साथ ही, बार-बार राजस्थान की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए।

### 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन

## नारी शक्ति के सम्मान और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार को 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला शक्ति को सम्मान देना और 'विकसित भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

सुबह 07:30 बजे चांदपोल से शुरू हुई यह रन बड़ी चौपड़ तक आयोजित की गई। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी इस दौड़ में छात्राओं, उद्यमियों, पत्रकारों, खिलाड़ियों और विभिन्न पेशों से जुड़ी महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन में सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई।

कार्यक्रम की थीम 'नारी शक्ति वंदन' रखी गई। रन को राज्य मंत्री मंजू बाघमार और पूर्व विधायक अलका गुर्जर ने फ्लैग-ऑफ किया। इस दौरान पूर्व महापौर कुसुम यादव सहित कई प्रमुख महिलाएं मौजूद रहीं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की कांस्य पदक विजेता पूजा और वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 की स्वर्ण पदक विजेता कचनार चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

#### फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास

माय भारत राजस्थान के राज्य निदेशक देवेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि इस आयोजन के जरिए फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को सामने लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे रूट पर ऊर्जा और जोश का माहौल बना रहा।

### सीवर चैम्बर में गिरे 2 मजदूर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के करधनी इलाके में सीवर चैम्बर में 2 मजदूर गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही करधनी थाने से कॉन्स्टेबल बाबूलाल मौके पर पहुंचे। बिना देर किए सीढ़ियों की मदद से सीवर चैम्बर में उतरकर दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। अंदर जहरीली गैस और दम घुटने की स्थिति के बीच यह बचाव कार्य बेहद जोखिम भरा था। जानकारी के अनुसार, एक मजदूर सीवर चैम्बर की सफाई के लिए उतरा था। अंदर दम घुटने पर उसने मदद के लिए आवाज लगाई। उसे बचाने के लिए उसका साथी भी नीचे उतरा, लेकिन जहरीली गैस के कारण वह भी फंस गया। बचाव के बाद दोनों मजदूरों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कॉन्स्टेबल बाबूलाल की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

## पीएचईडी ठेकेदारों ने आत्मदाह और प्रदेश की जलापूर्ति बंद करने की दी चेतावनी

#### 21 अप्रैल से पूरे प्रदेश में पानी की सप्लाई ठप करने की धमकी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहराने के आसार नजर आ रहे हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ठेकेदारों ने बकाया भुगतान को लेकर सरकार के खिलाफ निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। पिछले 5 दिनों से राजधानी के 'जल भवन' के बाहर धरने पर बैठे ठेकेदारों ने अब आत्मदाह और पूरे प्रदेश की जलापूर्ति बंद करने जैसी गंभीर चेतावनी दी है। राजस्थान कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन संघर्ष समिति के अनुसार, जल जीवन मिशन और अमृत योजना के तहत किए गए कार्यों का करीब 3500 करोड़ रुपए का भुगतान पिछले 33 महीनों से लंबित है। ठेकेदारों का आरोप है कि सरकारी नियम 15 दिनों में भुगतान की बात कहते हैं, लेकिन यहां सालों से पैसा अटका हुआ है। धरने में शामिल ठेकेदारों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि भुगतान न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुकी है।

वेतन का संकट : ठेकेदार अपने स्टाफ को वेतन नहीं दे पा रहे हैं। प्रोजेक्ट्स पर असर : जेजेएम और ईआरसीपी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स ठप होने की कगार पर हैं। इंडस्ट्री पर मार : प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अनुसार, पाइप इंडस्ट्री के भी करीब 1000 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। रोजगार : इस पूरे संकट से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े 5 लाख लोगों के रोजगार पर तलवार लटक रही है। 20 अप्रैल तक का अल्टीमेटमः 'नहीं तो बूंद-बूंद को तरसेगा प्रदेश 'ठेकेदारों ने सरकार को 20 अप्रैल तक का समय दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय तक समाधान नहीं निकला, तो 21 अप्रैल से पूरे प्रदेश में रोजाना 2 घंटे पानी की सप्लाई रोकी जाएगी। चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बढ़ाते हुए सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी जाएगी।

आर्थिक तंगी से परेशान कुछ ठेकेदारों ने आत्मदाह और सामूहिक आत्महत्या की भी चेतावनी दी है, जिसकी जिम्मेदारी उन्होंने शासन-प्रशासन पर डाली है। गर्मी के मौसम में ठेकेदारों की इस हड़ताल से आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। फिलहाल सरकार की ओर से इस मामले में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है।

## जयपुर में बिना क्यूआर-कोड और कलर-कोडिंग के नहीं चलेंगे ई-रिक्शा, 3 मई से होगी नई व्यवस्था लागू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और ई-रिक्शा के अव्यवस्थित संचालन को नियंत्रित करने के लिए अब सख्त कदम उठाया जा रहा है। पुलिस आयुक्तालय ने ई-रिक्शा के लिए डिजिटल मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का फैसला लिया है, जो 3 मई से प्रभावी होगा। इसके तहत हर ई-रिक्शा के लिए त्क्र कोड और कलर कोडिंग अनिवार्य की जाएगी। इसके तहत उन्हें तय जोन में ही चलने की अनुमति होगी।

आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- इस सिस्टम के लागू होने के बाद बिना त्क्रकोड और निर्धारित कलर कोड के ई-रिक्शा सड़कों पर नहीं चल सकेंगे। इसका उद्देश्य शहर में ट्रैफिक को व्यवस्थित करना, अनियंत्रित आवाजाही को रोकना और यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके लिए करीब 1.10 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी जा चुकी है।

नई व्यवस्था के तहत जयपुर शहर को अलग-अलग जोन में बांटा जाएगा। हर ई-रिक्शा को एक तय जोन दिया जाएगा और वह उसी क्षेत्र में संचालन कर सकेगा। इससे एक ही जगह पर ई-रिक्शा की भीड़ कम होगी और ट्रैफिक जाम की स्थिति में सुधार आएगा।

हर ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिसमें वाहन और ड्राइवर की पूरी जानकारी दर्ज होगी। इससे पुलिस और परिवहन विभाग को निगरानी में आसानी होगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

#### कैंप लगाकर होगा रजिस्ट्रेशन और वितरण

क्यूआर कोड रजिस्ट्रेशन और वितरण के लिए शहर में जोनवार कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंप में परिवहन विभाग के अधिकारी तैनात रहेंगे, जो ई-रिक्शा चालकों का रजिस्ट्रेशन कर क्यूआर कोड उपलब्ध कराएंगे।

## अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में सीपीआर एवं जीवन रक्षक प्रशिक्षण सत्र आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रशांत द्विवेदी द्वारा किया गया। सत्र का मुख्य विषय सीपीआर था, जिसमें आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने के लिए आवश्यक तकनीकों की जानकारी दी गई। डॉ. द्विवेदी ने सरल एवं प्रभावी तरीके से बताया कि किस प्रकार अचानक हृदय गति रुकने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर तकनीक का उपयोग कर किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। इसमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ध्यानपूर्वक जानकारी प्राप्त की और इसे अपने जीवन में उपयोगी बताया। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समाज में आपात स्थितियों से निपटने की क्षमता भी विकसित होती है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। लैपटॉप के डेटा का फोरेंसिक विश्लेषण किया जा रहा है ताकि पिछले रिकॉर्ड्स खंगाले जा सकें।

## एमओयू का मकसद दोनों इंस्टीट्यूशन के बीच जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट बढ़ावा देना



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एकेडेमिया-इंडस्ट्री कोलेबोरेशन को मज़बूत करने की दिशा में अपेक्स यूनिवर्सिटी और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हुए। दोनों इंस्टीट्यूशन के जाने-माने लोगों की मौजूदगी में एमओयू पर फॉर्मल साइन किए गए। प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार, रजिस्ट्रार, ने सेरेमनी के दौरान अपेक्स यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट किया। इस इवेंट में सीईईआरआई, पिलानी के डायरेक्टर डॉ. पीसी पंचारिया की खास मौजूदगी रही, जिनकी मौजूदगी ने इस स्ट्रेटेजिक कोलेबोरेशन की इंपॉर्टेंस को दिखाया। इस मौके पर टीबीआई के हेड डॉ. विजय चटर्जी और सीनियर साइंटिस्ट साई कृष्णा भी मौजूद थे, जिन्होंने एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल डोमेन में जॉइंट रिसर्च और इनोवेशन की गुंजाइश पर ज़ोर दिया।

इस मौके पर, अपेक्स यूनिवर्सिटी के ऑनरेबल चेयरमैन, डॉ. रवि जूनिवाल ने कोलेबोरेशन के लिए अपना विज़न शेयर किया। उन्होंने कहा कि यह पार्टनरशिप एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, रिसर्च और इनोवेशन के एरिया में स्टूडेंट्स और फैकल्टी के लिए नए रास्ते खोलेगी। उन्होंने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे कोलेबोरेशन एकेडेमिया और इंडस्ट्री के बीच के गैप को कम करने, देश बनाने और टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस में योगदान देने के लिए बहुत ज़रूरी हैं।

एमओयू का मकसद दोनों इंस्टीट्यूशन के बीच जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट, नॉलेज एक्सचेंज, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और इनोवेशन से चलने वाले इनिशिएटिव को बढ़ावा देना है। इस कोलेबोरेशन से स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स और बड़े एकेडमिक कम्युनिटी को काफी फायदा होने की उम्मीद है।

सेरेमनी रिसर्च और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट में एक्सीलेंस पर फोकस करने वाली एक मजबूत और लंबे समय की पार्टनरशिप बनाने के शेयर्ड कमिटमेंट के साथ खत्म हुई।

## सीजीडी संस्थाएं जिला प्रशासन से समन्वय बनाते हुए शिविर लगाकर डीपीएनजी कनेक्शन जारी करें : अपर्णा अरोरा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने राज्य की सीजीडी संस्थाओं को अवेयरनेस अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को पाईप लाईन से घरेलू गैस सुविधा डीपीएनजी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाएं पीएनजी आधारभूत संरचना क्षेत्र की कॉलोनियों को चरणवद्ध तरीके से एलपीजी फ्री जोन घोषित करने की कार्ययोजना बनाएं ताकि हरित उर्जा से जोड़ते हुए 24 गुणा 7 सुरक्षित एवं सस्ती गैस सुविधा से जोड़ा जा सके। एसीएस खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा शुक्रवार को सचिवालय के मंथन कक्ष से राज्य की सीजीडी संस्थाओं से वर्चुअली संवाद कायम कर रही थी।


उन्होंने कहा कि सीजीडी संस्थाओं को एक और आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य में तेजी लानी होगी वहीं उपलब्ध क्षेत्रों में डीपीएनजी सुविधाओं से क्षेत्रवासियों को जोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार पीएनजी सुविधाओं के विस्तार और एलपीजी से डीपीएनजी कनेक्शन जारी कराने पर फोकस कर रही है। गत 15 दिनों में सीजीडी संस्थाओं द्वारा करीब 6 हजार से अधिक परिवारों को नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी किये गए हैं वहीं आगामी 15 दिनों में करीब 8500 परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा जाएगा। अरोरा ने जिला कलक्टरों से सीजीडी संस्थाओं के साथ तत्काल व नियमित मीटिंग करने, जिला प्रशासन की और से नोडल अधिकारी लगाने और जहां आधारभूत संरचना विकसित है वहां सीजीडी संस्थाओं से कालोनी या क्षेत्र अनुसार शिविर कार्यक्रम जारी कराकर वहां के निवासियों को डीपीएनजी कनेक्शनों से जुड़वाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर की पूर्व जानकारी से अधिक से अधिक शिविरों में कनेक्शन सुविधाओं का लाभ पात्र कर सकेंगे।

उन्होंने पाली के टैक्सटाइल कलस्टर सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों, गिलोट, महेन्द्रा सेज, विश्वकर्मा, भीलवाड़ा, कोटा के औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही रीको के औद्योगिक क्षेत्रों को पीएनजी सेवाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। इसी तरह से मल्टी स्टोरी बिल्डिगों, हॉस्टल्स, ढ़ाबों, चिकित्सा संस्थानों, रेस्टोरेंट आदि में प्राथमिकता से पीएनजी कनेक्शन जारी करने को कहा। सीजीडी संस्थाओं द्वारा मानव संसाधन की कमी की चर्चा पर उन्होंने कहा कि आरएसएलडीसी द्वारा कौशल विकास केन्द्रों व आईआईटी संस्थानों से प्रशिक्षित पलम्बरों की सूची सीजीडी संस्थाओं को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

सीजीडी संस्थाएं इन पलम्बरों को गैस कनेक्शनों से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण अपने स्तर पर उपलब्ध कराकर गैस कनेक्शन जारी करने के काम में तेजी लाएं। इससे प्रशिक्षित पलम्बरों को रोजगार भी मिल सकेगा। संयुक्त सचिव खान नम्रता वृष्णि ने सीजीडी संस्थाओं से स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन से समन्वय बनाते हुए शिविर आयोजित करने को कहा।

राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने सीजीडी संस्थाओं की प्रगति व कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह, उप महाप्रबंधक आरएसजीएल विवेक रंजन, उपप्रबंधक गगनदीप राजोरिया, पेट्रोलियम विभाग के संयुक्त निदेशक दिलीपराज शर्मा, उपनिदेशक सुशील हुड्डा, सहायक निदेशक अंकित सोनी व सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## पहाड़ सी समस्याओं से दबे लोग



एसके मंगल

द्वापर युग में श्री कृष्ण ने लोगों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था जिसके नीचे बहुत सारे लोग आ गए थे और उन्हें इंद्र के प्रकोप से राहत मिली थी। मगर कलयुग में तो समस्याएं उससे भी विकराल हैं। जैसे बेटे का ब्याह, नौकरी, बेटी की शादी, घर गृहस्थी आदि की उठती समस्याएं, धन की समस्या, आने वाली पीढियां के लिए सुरक्षा की चिंता ऐसी समस्याओं का पहाड़ हर व्यक्ति के सिर पर है। इन समस्याओं के कारण वह पहाड़ के नीचे दबता जा रहा है। यह समझना पूरी तरह से स्वाभाविक है कि पारिवारिक समस्याओं के भारी बोझ (पर्वतों के नीचे) के नीचे आप कैसा महसूस कर रहे होंगे। जब रिश्ते, आर्थिक चुनौतियां, या विचारों का मतभेद बहुत बढ़ जाता है, तो ऐसा लगना लाजमी है कि आप 'दब' गए हैं। यह स्थिति मानसिक और भावनात्मक रूप से बहुत थका देने वाली होती है। इनसे बचने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम हैं जो इस दबाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। संवाद है सबसे जरूरी समस्याओं के बारे में परिवार के सदस्यों के साथ शांत माहौल में बात करें। जब गुस्सा शांत हो जाए, तब समस्या को तार्किक रूप से सामने रखें, चिल्लाने या ब्लेम गेम से बचें। अगर समस्या आर्थिक है, तो बजट की समीक्षा करें। यदि रिश्ते संबंधी मुद्दे हैं, तो व्यक्तिगत अहंकार को छोड़कर थोड़ा झुकना सीखना रिश्तों को टूटने से बचा सकता है। यदि कोई सदस्य विषाक्त व्यवहार कर रहा है, तो अपनी सीमाएं निर्धारित करें कि आप कितना बर्दाश्त करेंगे। इस तनावपूर्ण स्थिति में अपनी मानसिक शांति के लिए योग, ध्यान या टहलने जैसी गतिविधियां करें। ध्यान रखें परिवार सबसे बड़ी पूंजी है। थोड़ा धैर्य और समझदारी से इन समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है।



# सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर कार्यवाही, 9 सिलेंडर सीज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के मामलों पर नियंत्रण के लिए चलाया जा रहे अभियान के तहत जिला रसद अधिकारी शशिशेखर शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह एवं प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। इस दौरान नारायणपुर कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 16 घरेलू एलपीजी सिलेंडर सीज किए गए। यह प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6(ए) के अंतर्गत आगे की कार्यवाही हेतु जिला कलक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यवाही के दौरान बाबूलाल टी सेंटर 1, राजस्थान स्वीट्स नारायणपुर 2, राहुल बर्गर सेंटर 1, सैनी चाट भंडार 2, माँ शेरावाली चाट से 1, माँ भगवती चाट भंडार 1 और शिव चाट भंडार से 1 सिलेंडर सीज किए गए।



# राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का स्वागत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कोटपूतली। राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के शुक्रवार को जिले के बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में भाग लेकर राजधानी जयपुर जाते वक्त कोटपूतली पहुंचने पर कस्बे के मुख्य चैराहे पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जूली ने कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने, जन-मुद्दों पर ध्यान केंद्रीत करने और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व विधायक संदीप यादव, कांग्रेस के बहरोड़ प्रत्याषी रहे संजय यादव भी मौजूद रहें। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कस्बा निवासी सुनील आर्य के पिता के निधन पर अम्बेडकर कॉलोनी में शोक सभा में भाग लिया।



# बजरंग दल का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** विकृत जिहादी मानसिकता के विरुद्ध बजरंग दल का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विष्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपकर सुनियोजित षडयंत्रों के विरुद्ध कार्यवाही की माँग की। इससे पूर्व पार्क में एकत्रित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये बजरंग दल के विभाग संयोजक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि देश में समाज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में बढ़ रही सुनियोजित जिहादी घटनायें विकृत मानसिकता का परिचायक है। अनेक नगरों से लव जिहाद, वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, सेना और रेल भूमि पर अवैध कब्जा, खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करना अनेक प्रकार की घटनायें इसी मानसिकता की उपज हैं। विहिप के जिला सहमंत्री एड. शिव कुमार ने कहा कि देश भर से आये विभिन्न मामलों में पुरुषों के साथ महिलायें भी इस विकृत जिहादी कार्यों में सम्मिलित पाई गई हैं। हाल ही में नासिक (टीसीएस) जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुये प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जाल अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल गया है। राष्ट्र विरोधी, अवैध, आपराधिक और सद्भाव भंग करने की इस मानसिकता के विरुद्ध विष्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता ऐसे सुनियोजित षडयंत्रों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र कुमार सैनी, बजरंग दल के जिला संयोजक राकेश हिन्दू, नगर सह संयोजक ऋषि माथुर, विहिप के नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी, मंत्री तूफान सोनी, संरक्षक मंडल सदस्य रामचंद्र सैनी, अमरजीत, नरेंद्र हिन्दू, सीताराम अग्रवाल, हुकुम गुप्ता, अनूप शर्मा, पुरुषोत्तम भारद्वाज, हिन्दू जागरण मंच के प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बाबा श्री धोला महाराज का 36वा मेला व भंडारे का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** ग्राम राजनौता में शुक्रवार को बाबा श्री धोला महाराज का मेला धुमधाम से भरा। बाबा के मंदिर की फुलों भव्य सजावट की गई। मेले मे विशाल भंडारे व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कामडे की कुश्ती मंजीत पहलवान दिल्ली व प्रदीप पहलवान भिवानी के बीच हुई जिसमे मंजीत पहलवान दिल्ली विजेता रहे। इस मौके पर चेयरमैन गजराज सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच लालसिंह, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, गणेश सैनी व मेला कमेटी से रामेष्वर सैनी, जवाहरलाल सैनी, मालचंद मीणा, ताराचंद योगी, मुलसिंह शेखावत, राधेश्याम योगी, बाबुलाल सैनी, कैलाश मास्टर मोहन सैनी, दौलत मीणा, सत्यवीर जांगिड, संजय सैनी, बलराम जांगिड, लालाराम बागड़ी, लछमन सैनी, जगदीश खेमजी, महंत मदन सैनी, ताराचंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली विजयपाल की जिंदगी अब घर में शौचालय होने से परिवार है खुशहाल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और सम्मान की नई इबारत लिख रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द के निवासी विजयपाल पुत्र लालसिंह यादव के परिवार के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। विजयपाल ने बताया कि उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई।

इस राशि की मदद से उन्होंने अपने घर में पक्का शौचालय बनवाया है। विजयपाल के परिवार में कुल छह सदस्य हैं, जिन्हें पहले शौचालय की सुविधा न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अपनी खुशी जाहिर करते हुए विजयपाल ने कहा, 'शौचालय बनने से हमारे परिवार की परेशानी दूर हो गई है और हम बहुत खुश हैं, हमें बहुत अच्छा लग रहा है कि अब हमारे घर में अपनी सुविधा है।' विजयपाल और उनके पूरे परिवार ने इस लाभकारी योजना के लिए स्वच्छ भारत मिशन और सरकार का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है। स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य न केवल ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) स्थिति को बनाए रखना है, बल्कि हर ग्रामीण परिवार को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना भी है।

# बानसूर ब्लॉक कांग्रेस को मिला नया अध्यक्ष

## महनपुर निवासी प्रकाश चंदेला को सौंपी गई कमान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी के अभाव अभियोग प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार के तहत बानसूर ब्लॉक के लिए एक अहम नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष रामस्वरूप अधाना ने प्रदेश अध्यक्ष योगिता पंकज शर्मा के निर्देश पर महनपुर निवासी प्रकाश चंदेला पुत्र सरदाराराम चंदेला को बानसूर ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंदेला ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है। चंदेला ने विष्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन को पाटज़ से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि इस नियुक्ति से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# चतरपुरा के बुजुर्ग मूक-बधिर कुम्हार को मिला इलेक्ट्रिक चाक



## कम समय में ज्यादा और बेहतर गुणवत्ता के बर्तन तैयार कर सकेंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर क्षेत्र के चतरपुरा ग्राम पंचायत में ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। युवा जागृति संस्थान ने समाजसेवी राकेश दायमा और नवल कुमार के सहयोग से एक बुजुर्ग कुम्हार रामकुंवार प्रजापत, जो कि मुकबधिर हैं, को निःशुल्क इलेक्ट्रिकल चाक भेंट किया। यह पहल न केवल एक व्यक्ति की सहायता है, बल्कि पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। हाथ से चलने वाले चाक में अधिक मेहनत लगती थी-अब तक रामकुंवार प्रजापत पारंपरिक हाथ से चलने वाले चाक के माध्यम से मिट्टी के बर्तन बनाते थे। इस प्रक्रिया में अधिक शारीरिक श्रम लगता था और उत्पादन भी सीमित होता था। लेकिन इलेक्ट्रिकल चाक मिलने से उनके कार्य में गति आएगी। कम समय में अधिक और बेहतर गुणवत्ता के बर्तन तैयार किए जा सकेंगे, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होना तय माना जा रहा है। इस मौके पर राकेश दायमा ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रयासों से पारंपरिक कारीगरों को नई दिशा मिलती है और वे आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ सकते हैं। कारीगरों को मॉडर्न संसाधनों से जोड़ने का लक्ष्य-संस्थान के सचिव डॉ. गोकुल चन्द सैनी ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों को मॉडर्न संसाधनों से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल कारीगरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, बल्कि उनकी कला को भी नई पहचान मिलती है।सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिला-इस पहल के बाद स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार की मदद जरूरतमंद लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाती है। इससे समाज में सहयोग, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है।

उम्मीद की नई किरण जगी-यह पहल इस बात का उदाहरण है कि यदि समाज के सक्षम लोग आगे आएं, तो छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। परंपरा और तकनीक के इस संगम ने एक बुजुर्ग कारीगर के जीवन में नई उम्मीद की किरण जगाई है।



# कोटपूतली बार काउंसिल चुनाव, अतिरिक्त मतदान अधिकारी नियुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली क्षेत्र में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के आगामी चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण तैयारी की गई है। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा कोटपूतली मतदान केंद्र हेतु एड. शिव कुमार शर्मा को अतिरिक्त मतदान अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्देशानुसार 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले चुनाव में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करते हुए सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान को पारदशज़ तरीके से संपन्न करवाया जाएगा। इस नियुक्ति पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर सहित सभी अधिवक्ताओं ने शिव कुमार शर्मा को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।



# सीआरपीएफ जवान उदयभान यादव का निधन

## सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, सीआरपीएफ यूनिट और अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान उदयभान यादव (58 वर्ष) का गुरुग्राम के पारस अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे मांढण तहसील के गांव डाबडवास ढाणी के निवासी थे और पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके साथी जवान प्रदीप कुमार ने बताया कि उदयभान यादव ने अपने अंतिम क्षणों में बड़े बेटे रविंद्र यादव की गोद में सिर रखकर रामायण का पाठ सुना। इसी दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उदयभान यादव एक कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित सीआरपीएफ जवान थे। वे अपनी ड्यूटी के प्रति निष्ठावान रहते थे। इसके साथ ही वे एक उत्कृष्ट वॉलीबॉल खिलाड़ी भी थे और अपनी यूनिट में खेल के प्रति जुनून और अनुशासन के लिए जाने जाते थे। वे अपने साथियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। उनकी मूल पोसि्ंटग श्रीनगर में थी, लेकिन इलाज के कारण वे अटैचमेंट पर गुरुग्राम में तैनात थे। निधन के बाद सीआरपीएफ यूनिट ने उन्हें पूरे सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी और सलामी अर्पित की। अंतिम विदाई के दौरान स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, मांढण तहसीलदार, थाना प्रभारी किरण यादव, जिला पार्षद जयप्रकाश झाबर, बस्तीराम एड. और कर्नल बनवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 16 मई से

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा विगत 21 जनवरी को अधिसूचना जारी कर प्रदेष में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात मकान सूचीकरण का कार्य आगामी 16 मई से 14 जून के मध्य सम्पन्न करवाया जायेगा। स्व-गणना के लिये विकल्प भी 01 से 15 मई की समयावधि में संचालित किया जायेगा। प्रदेष के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जानकारी देते हुये बताया कि जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) को पूर्णतः डिजिटल और सहभागी बनाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा एक अभिनव पहल करते हुये 'स्व-गणना' (सेल्फ-इन्यूमरेशन) की सुविधा प्रदान की गई है। स्व-गणना (सेल्फ-इन्यूमरेशन) पोर्टल का उपयोग डेस्कटॉप अथवा स्मार्टफोन के माध्यम से किया जा सकेगा। संबंधित पोर्टल का पता है। स्व-गणना सुविधा का उद्देश्य कार्यरत, व्यस्त अथवा सुविधा अनुसार स्वयं विवरण उपलब्ध कराने के इच्छुक परिवारों को डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी भरने का अवसर प्रदान करना है। तथापि यह स्पष्ट किया जाता है कि स्व-गणना किये जाने के उपरांत भी संबंधित प्रगणक द्वारा फील्ड स्तर पर सत्यापन एवं डाटा जांच की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से संपादित की जायेगी। स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करते समय आमजन को ध्यान रखना होगा कि वे पोर्टल पर जाने के लिये निर्धारित वेब एड्रैस का उपयोग ही करें, किसी सर्च इंजन की सहायता से ना जायें, एचटीटीपीस तथा .गोव.इन पर विशेष ध्यान दें। लॉग इन करते समय आपके पास ओटीपी आयेगा उसे किसी से साझा न करें। स्व-गणना डेटा के सत्यापन के लिये आने वाले प्रगणक द्वारा भी आप से ओटीपी नहीं मांगा जायेगा। जनगणना विभाग द्वारा आपसे फोन पर या किसी अन्य माध्यम से कोई ओटीपी नहीं मांगा जायेगा ना ही कोई लिंक उपलब्ध करवाया जायेगा। जिसका प्रयोग कर सूचनाओं का सत्यापन किया जाना हो। स्वगणना हेतु एसई आईडी तथा ओटीपी संदेश के लिए ध्यान दें कि वे त्ळप्ब्म्छ से प्राप्त होंगे। राजस्थान में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के फील्ड कार्य में करीब 01 लाख 60 हजार प्रगणक एवं पर्यवेक्षक, सम्पूर्ण राजस्थान में घर-घर जाकर जनगणना के अधिसूचित प्रश्नों के डेटा संग्रहण का कार्य करेंगें। राज्य सरकार द्वारा 29 जनवरी 2026 को जनगणना के प्रथम चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों (कुल 33) की अधिसूचना जारी की गई हैं, मकान सूचीकरण कार्य के अंतर्गत राज्य के समस्त भवनों, जनगणना मकानों एवं परिवारों की पहचान कर उनका व्यवस्थित सूचीकरण किया जायेगा। साथ ही प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर मकान की स्थिति, परिवार को उपलब्ध सुविधायें एवं परिवार द्वारा धारित परिसंपत्तियाँ, परिवार द्वारा उपभोग किये जाने वाले मुख्य अनाज से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जायेंगे। उपरोक्त महत्वपूर्ण सूचनाओं के आंकड़े प्राप्त करने के साथ-साथ जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) का उद्देश्य आगामी जनसंख्या गणना हेतु एक सम्यक एवं विष्वसनीय मास्टर फ्रेम तैयार करना है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनगणना के द्वितीय चरण जनसंख्या गणना (पीई) चरण में कोई भी व्यक्ति अथवा परिवार गणना से वंचित ना रह जायें। जनगणना के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर बहुस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्य में जनगणना कार्य की योजना एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय अधिकारियों सहित प्रमुख जनगणना अधिकारियों, जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के लिये विभिन्न स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किये गये है। फील्ड कार्य में डेटा संग्रहण की प्रक्रिया एवं गुणवत्ता के लिये रखी जाने वाली सावधानियों के लिये प्रथम स्तर पर 103 मास्टर ट्रेनर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 07 से 10 अप्रैल तक आयोजित किया गया।



# जिला कलक्टर ने रात्रि चैपाल आयोजित कर आमजन के सुने परिवाद

## भूपसेड़ा के सोलर प्लांट एवं उप जिला अस्पताल का भी किया अवलोकन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर अपर्णा ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चैपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं संबंधित अधिकारी। जिला कलक्टर ने शुक्रवार को उपखंड बानसूर में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन के परिवाद सुनकर नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल, रात्रि चैपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चैपाल में पेयजल व विद्युत संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी व विद्युत निगम के अधिकारियों को ग्रीष्मकाल के मध्यनजर निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न परिवादी सड़क, अतिक्रमण, नाम शुद्धि, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। सामान्य प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं बीसीएमओ को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी नहीं होने पर फटकार लगाते हुए आमजन को योजनाओं की जानकारी सरल व सुलभ भाषा में देने को कहा। कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने, साथ ही जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चैपाल का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान एसडीएम अनुराग हरित एवं तहसीलदार गजेंद्र राठौड़ सहित विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूदा आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना के तहत लाभाथज़ को सोलर इंडक्शन चूल्हा प्रदान किया। रात्रि चैपाल के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

भूपसेड़ा के सोलर प्लांट का किया अवलोकन-जिला कलेक्टर ने उपखण्ड दौरे के दौरान भूपसेडा गांव में पीएम कुसुम योजना के तहत मैसर्स पवन इंटरप्राइजेज (बलबीर मोगर जी) द्वारा स्थापित दोनों सौर संयत्रों का अवलोकन किया। विद्युत निगम अधिकारी ने संयत्र की बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन प्लांट्स से कृषि कनेक्शनों को आपूर्ति की जा रही है। इससे जुड़े फीडर्स पर लोड शेडिंग के समय भी बिजली बाधित नहीं होती, जिससे किसानों को खेती के लिए भरपूर बिजली मिल रही है। गौरतलब है कि भूपसेडा में 5-5 हैक्टेयर क्षेत्र में बने दोनों प्लांट्स से कल्याण नगर और बालावास जीएसएस से जुड़े फीडरों पर क्षेत्रवासियों को भरपूर बिजली मिल रही है।

# आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में जेडीए की पीडब्ल्यूसी बैठक में 286 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व एवं नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास प्राधिकरण राजधानी जयपुर के समग्र, आधुनिक एवं सुनियोजित विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शुक्रवार को जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में प्राधिकरण की पीडब्ल्यूसी ( पब्लिक वर्क्स कमेटी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास से जुड़े अनेक अहम प्रस्तावों पर निर्णय लेते हुए लगभग 286 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गईं। बैठक में जयपुर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने, सीवरेज नेटवर्क को सुदृढ़ करने तथा नई विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से व्यापक विचार-विमर्श किया गया। यातायात सुधार को प्राथमिकता, सिरसी रोड विकास को बड़ी मंजूरीराजधानी में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जोन-7 में सिरसी रोड (सी-जोन बाईपास से सिरसी मोड़ तक) चौड़ीकरण एवं विकास कार्य के लिए 48.76 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इसी प्रकार, सीकर रोड (चौमूं पुलिया से रोड नंबर 14) पर एट-ग्रेड यू-टर्न सुविधा निर्माण हेतु 9.54 करोड़ रुपये तथा सहकार मार्ग स्थित इमली फाटक एवं ज्योति नगर टी-जंक्शन सुधार कार्य के लिए 5.96 करोड़ रुपये की कार्योत्तर स्वीकृति जारी की गई। इन कार्यों से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और सुचारु होगी। पर्यावरण संरक्षण और बेहतर शहरी स्वच्छता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए पीआरएन (नॉर्थ) क्षेत्र के जोन-5 एवं 6 से एसटीपी नेवटा तक लेटरल सीवर लाइन बिछाने के लिए 95.16 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

# डिजिटल जनगणना: जिले की 8 तहसील, नगर परिषद् धौलपुर एवं 6 नगर पालिकाओं में चलेगा अभियान

## 1 मई से शुरू होगा स्व-गणना का चरण, घर बैठे ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे विभिन्न जानकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** देश के भविष्य और विकास की योजनाओं का आधार बनने वाली जनगणना-2027 की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में जिले में यह अभियान 1 मई से प्रारंभ किया जाएगा। जनगणना के प्रथम चरण में नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा दी जाएगी, जिसके अंतर्गत वे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। जिले में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके तहत लगभग 2014 प्रगणक एवं 335 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो जिले के सभी गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।



### मकानों की सूचीकरण व स्व-गणना का चरण

जनगणना के प्रथम चरण में जिले के सभी गांवों एवं शहरों में मकानों की सूचीकरण की जाएगी। इसके बाद 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना का कार्य चलेगा, जिसमें नागरिक स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जो नागरिक स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके लिए प्रगणक घर-घर जाकर आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे।

### हाइलाइट

जिले के 8 तहसील, नगर परिषद धौलपुर एवं 6 नगरपालिकाएं शामिल, लगभग 2014 प्रगणक एवं 335 सुपरवाइजर तैनात, 1 मई से 15 मई तक चलेगा स्व-गणना चरण, पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी, डेटा की गोपनीयता पूरी तरह सुनिश्चित, प्रशिक्षण एवं तैयारियां पूर्ण। जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिले के 46 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दो चरणों में 15 से 17 अप्रैल एवं 20 से 22 अप्रैल तक प्रातः 9:30 से शाम 6 तक आयोजित किया जा रहा है साथ ही ऑनलाइन पोर्टल एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विकास योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सके।

### डेटा पूरी तरह रहेगा गोपनीय

जिला कलक्टर ने बताया कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी और इसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार ने बताया कि जिले में कुल 15 चार्ज क्षेत्रों में इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। अभियान के लिये 46 फील्ड ट्रेनर्स एवं लगभग 2014 प्रगणक एवं 335 सुपरवाइजर नियुक्त किये गये हैं। जो लोग स्व-गणना नहीं कर पायेगे, उनके घर 16 मई से 14 जून 2026 तक गणनाकर्मी पहुंचेगे।

# जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर से करंट लगने से युवक की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजस्थान उत्तर प्रदेश बॉर्डर सीमा पर बसे गांव अनिरुद्ध का पूरा यूपी-राजस्थान की सीमा में रखे विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से शिवकुमार पुत्र हुकम सिंह निवासी अनिरुद्ध का पूरा तहसील बाह आगरा की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। शिवकुमार अपने खेत पर जो की राजस्थान सीमा के अंतर्गत है पशुओं के लिए चारा वो रखा था जिसकी तार बाउंड्री आवारा पशुओं से बचाने के लिए कर रहा था कि अचानक तार विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से टच हो गया और 11000 केवी का करंट तार में दौड़ गया। शिवकुमार को करंट ने अपनी चपेट में ले लिया और शिव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम 5:30 की बताई जा रही है। गांव वालों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से बात करने के बाद उन्होंने बताया है कि हम लोगों ने कुछ समय पहले ही जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए नोटिस निकाल रखे हैं। लेकिन ट्रांसफार्मर जमीन से नहीं हट सका।

गांव में मौत के बाद पसरा मातम घर परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गौरतलब की पूर्व में भी घटनाएं घटित हो चुकी है। इन घटनाओं को रोकने के लिए इस आफ सीजन में विद्युत विभाग को जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर को अनियंत्रित जगह शिफ्ट करना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं घटित ना हो सके। यदि विद्युत विभाग समय रहते नहीं चेता तो भविष्य में कई यह घटनाएं घटित हो सकती हैं।

# जरूरतमंदों को भोजन कराना एवं वस्त्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : प्रीति नायक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अमावस्या के अवसर पर श्री अन्नपूर्णा रसोई 123 में अमावस्या भोजन समिति द्वारा साधु संतों एवं जरूरतमंदों को भोजन कराया गया एवं गर्मी के लिए वस्त्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला जज प्रीति नायक ने कहा की जरूरतमंद को भोजन कराना वस्त्रदान करना विद्यादान करना एवं उनकी सेवा करना एक बड़ा पुण्य कार्य है। नायक ने जरूरतमंदों को वस्त्र दान भी किया तथा भोजन की गुणवत्ता एवं श्री अन्नपूर्णा रसोई की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर जागृति समिति के संस्थापक एवं पूर्व प्राचार्य दयाकांत सक्सेना ने कहा की लगभग 5 वर्षों से प्रत्येक अमावस्या को अमावस्या भोजन समिति के व्यवस्थापक रवि शिवहरे तथा भामाशाहों की मदद से जरूरतमंदों को स्पेशल डाइट निशुल्क कराई जाती है, जिसमें खीर, पूड़ी, दो प्रकार की सब्जी, एवं रायता और मिठाई उपलब्ध कराई गई। विभिन्न अवसरों पर वस्त्र कंबल आदि भी दान किए जाते हैं। इस अवसर पर रवि शिवहरे, सेवानिवृत्ति शिक्षा उप निदेशक गणेश कुमार धाकरे, डॉ. चंद्रमोहन, राजीव सक्सेना, सुषमा त्यागी, कृष्ण कुमार परमार, दर्शन सिंह परमार, सचिन गोयल, दिनेश शर्मा, अशोक शिवहरे, राहुल विधुरी, ओम प्रकाश शर्मा, सुनीता अग्रवाल, राजेश गोयल, लाडली मोहन त्यागी, रामू जायसवाल, नीरज बंसल, डॉ यू एस यादव, उत्कर्ष बोडे, सौरभ शर्मा, मोहित अग्रवाल, इंद्रभान यादव, कालीचरण बघेला, शैलेश गोयल, शिखर, विशाल माहौर आदि सभी महिला पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।





धौलपुर...अन्नपूर्णा रसोई में भोजन कराते समिति व्यवस्थापक रवि शिवहरे

# जेके टायर एवं मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से नूराबाद में आधुनिक बस स्टॉप शेल्टर पॉइंट का उद्घाटन



### पंचायत को सौंपा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जेके टायर और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रयासों के तहत नूराबाद जिला मुरैना में एक आधुनिक और सुविधायुक्त बस स्टॉप शेल्टर पॉइंट का भव्य उद्घाटन किया गया और ग्राम पंचायत को हस्तानांतरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराना तथा यात्रियों, खासकर महिलाओं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी, बारिश और धूप से सुरक्षा प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह में जेके टायर के एचआर जनरल मैनेजर धीरज शर्मा, वेलफेयर ऑफिसर विष्णु बांदिल, मंजरी फाउंडेशन के संजय शर्मा तथा नूराबाद के सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नए बस स्टॉप शेल्टर में पर्याप्त छाया, आरामदायक सीटिंग व्यवस्था, उचित प्रकाश व्यवस्था, वर्षा से पूर्ण सुरक्षा और आकर्षक डिजाइन की सुविधाएं दी गई हैं, जिससे यात्री इंतजार के दौरान सुविधा और सुरक्षा दोनों महसूस कर सकें। यह सुविधा नूराबाद क्षेत्र के रोजाना बस का इंतजार करने वाले सैकड़ों लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

उद्घाटन अवसर पर धीरज शर्मा ने कहा कि जे.के. टायर समाज के कल्याण और स्थानीय समुदाय के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा ऐसी जनहितकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना कंपनी की सामाजिक उतरदायित्व नीति का अभिन्न अंग है। मंजरी फाउंडेशन क़े अधिशाषी निदेशक संजय कुमार ने जेके टायर के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों संस्थाएं मिलकर मुरैना जिले में भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और सामुदायिक विकास से जुड़ी कई उपयोगी परियोजनाएं संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बस स्टॉप शेल्टर अब आम जनता के उपयोग के लिए पूर्ण रूप से खुला है और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करेगा।

# आज फिर से चार घंटे बंद रहेगी रामसागर फीडर से जुडी बिजली

**बाड़ी।** उपखंड के गुर्जर खानपुर स्थित 132 केवी सब स्टेशन से निकलने वाले रामसागर फीडर से जुड़े 33 केवी लाइनों की मरम्मत को लेकर लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ऐसे में 33 केवी फीडर रामसागर से जुड़े गाँवो की विद्युत आपूर्ति करीब चार घण्टे बाधित रहेगी। जयपुर विद्युत वितरण निगम के कनिष्क अभियंता आयुष राज गुप्ता ने बताया कि 132 केवी स्टेशन गुर्जर खानपुर से रामसागर 33 केवी स्टेशन तक जो बिजली लाइन जा रही है। उसके रास्ते में आने वाली बाधा जैसे पेड़ो की शाखाये, झाडिया या अन्य अवरोध जिनसे सप्लाई के दौरान लाइन फॉल्ट हो सकती है के मेंटेनेंस को लेकर शुक्रवार को चार घंटे बिजली बंद रखी गई और काम किया गया लेकिन जीएसएस से फीडर की दूरी करीब 12 किलोमीटर है ऐसे में पूरे रास्ते पर काम नहीं हो सका। जिसके चलते शनिवार को फिर से चार घंटे बिजली सप्लाई बंद रख मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ऐसे में स्टेशन से संचालित 33 केवी फीडर रामसागर की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी।

# कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा आज, छह सौ से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा 18 अप्रैल शनिवार को कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए शहर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां 600 से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए नामित किए गए हैं। परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी उप समन्वयक के रूप में एसडीएम भगवत शरण त्यागी को सौपी गई है। जिसके लिए एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है। परीक्षा आयोजन को लेकर डिप्टी कोऑर्डिनेटर भगवत शरण त्यागी ने बताया कि शनिवार को राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला और सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के प्रभारी एसीबीईओ अजय कुमार कौशिक ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 11 से 01 बजे तक किया जाएगा। जिसके लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9 से 10 बजे के बीच परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। सभी को परीक्षा के लिए आवश्यक नियम भी पूर्व में ही प्रवेश पत्र पर उल्लेखित किए हैं। परीक्षा को लेकर कंट्रोल रूम का गठन किया है। जहां किसी प्रकार की समस्या का समाधान किया जा सकता है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला के केंद्र अधीक्षक एवं प्राचार्य हरिओम सिकरवार ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर आज सभी स्टाफ की पूर्व तैयारी बैठक ली है। जिसमें सभी वीक्षकों को जसवंत सिंह और विशाल गुप्ता ने जानकारी दी है। इस परीक्षा केंद्र पर 432 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया है। वहीं शहर के सीनियर गर्ल्स स्कूल में प्राचार्य दीपक शिवहरे को केंद्र अधीक्षक बनाया गया हैं। जहां 180 अभ्यर्थियों को नामांकित किया है।

# कोष कार्यालय के अधिकारी को किया वित्त विभाग ने एपीओ, विरोध में आये पेंशनर



बाड़ी...एसडीएम को ज्ञापन देते पेंशनर समाज के लोग।

### रैली निकालकर एसडीएम को दिया सीएम और दिया कुमारी के नाम ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** राजस्थान पेंशनर समाज ने शुक्रवार को महात्मा गांधी पार्क में बैठक के बाद रैली निकालते हुए उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया है। पेंशनर समाज ने मांग की है कि उपकोष कार्यालय बाड़ी में अकाउंटेंट पद पर तैनात अभिताभ मीणा जिनको राज्य सरकार ने एक सप्ताह पूर्व एपीओ किया है। उन्हें वापस उपकोष कार्यालय बाड़ी लगाया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री ने उक्त मामले को संवेदनशीलता से नहीं लिया तो सभी सीनियर सिटीजन यानि बुजुर्ग पेंशनर शहर की सड़कों पर उतर आएंगे।

राजस्थान पेंशन समाज के बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रिटायर्ड अध्यापक सुरेश दीक्षित ने बताया कि अकाउंटेंट अभिताभ मीना बेहद ही ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी है। करीब आठ वर्ष के उनके कार्यकाल में किसी भी पेंशनर को किसी भी काम में कभी कोई परेशानी नहीं हुई। वे हमेशा सेवाभाव रूप से कार्य करते है। उन पर पिछले तीन महीने से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का भी चार्ज रहा। इस दौरान उन्होंने शहर के विकास और स्वच्छता को लेकर ऐसा कार्य किया जो आज तक किसी ने नहीं किया है। ईमानदारी से कराए उनके कार्य ही चंद लोगों को पसंद नहीं आए। जिन्होंने मिली भगत उनको एपीओ करा दिया है। जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

राज्य सरकार को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष रूप से जांच करानी चाहिए साथ में ईमानदार अधिकारी को वापस उपकोष कार्यालय बाड़ी लगाना जरूरी है। यदि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने पेंशनर समाज की मांग पर कोई विचार नहीं किया तो सभी विभागों से रिटायर्ड हुए यह बुजुर्ग पेंशनर सड़कों पर उतर आएंगे। ज्ञापन के दौरान वैद्य गिरीश शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, अशोक बंसल, महेश भटेले, प्रभाकर दीक्षित, कल्याण प्रसाद शर्मा, गंगाराम, रामकुमार चौधरी, गोविंद मीणा, रमेश शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।



धौलपुर...महिला को खोया हुआ मोबाइल सुपुर्द करते पुलिसकर्मी

# पुलिस ने महिला के मायूस चेहरे पर महज एक घंटे में लौटाई मुस्कान

## दिहौली पुलिस ने महिला का खोया हुआ मोबाइल तत्परता से रिकवर कर किया सुपुर्द

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में पुलिस अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड़ और अवैध गतिविधियों की रोकथाम में निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही आमजन एवं पीड़ित को न्याय दिलाने एवं मदद करने में भी पीछे नहीं है। शुक्रवार को दिहौली थानाधिकारी सुखराम विश्नोई के नेतृत्व में दिहौली पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित महिला का खोया हुआ मोबाइल महज एक घंटे में दस्तयाब कर सकुशल सुपुर्द किया है। दोपहर करीब 2 बजे के करीब एक महिला मधु शर्मा निवासी हनुमानपुरा थाना दिहौली अपने परिजनों के साथ राजाखेड़ा से धौलपुर रोड पर बाइक से जा रही तो रास्ते में मछरिया के पास उसका मोबाइल कहीं गिर गया। इसके बाद महिला ने वहां पर तलाश किया और नहीं मिलने पर करीब दोपहर 3 बजे दिहोली पुलिस को सूचना दी। इस पर थानाधिकारी थाना दिहोली सुखराम विश्नोई प्रोबेशनर आरपीएस ने ड्यूटी अधिकारी लोकेश शर्मा हैंड कानि के नेतृत्व में पुलिस टीम को तत्परता से रवाना किया। पुलिस टीम ने तत्काल से तकनीकी सहायता से मोबाइल को मछरिया के पास से रिकवर कर पीड़ित महिला को सकुशल सुपुर्द किया है। पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के लिए महिला एवं उसके परिजनों ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया है।

# सैंपऊ महादेव मंदिर पर लगा वाटर कूलर बना शोपीस, श्रद्धालु परेशान


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले के सैपऊ उपखंड मुख्यालय से महज 2 किमी दूर स्थित हजारों साल पुराना ऐतिहासिक शिव महादेव मंदिर है। जहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर कूलर सालों से बंद पड़ा है और शोपीस बनकर रह गया है। हैरानी की बात है कि उपखंड प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। मंदिर पर पुजारी का कहना है कि दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। लोगों को ठंडा पानी पीने को मिलना चाहिए, लेकिन लंबे समय से वाटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। श्रद्धालुओं ने अपील की है कि वाटर कलर सही कराया जाए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को कई बार शिकायतें भी दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।



# बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए रैली का आयोजन 21 अप्रैल को

**धौलपुर ।** जिले में बाल विवाह आयोजनों के प्रभावी रोकथाम के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार बाल विवाह के लिए रैली आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई ने बताया कि रैली के प्रभारी अधिकारी कनिष्ठ लेखाकार जयसिंह मेहरा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट से गांधी पार्क तक रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं स्काउट गाइड भाग लेगें।



स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक **चन्द्रप्रकाश शिवहरे** के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार